



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com  कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित  डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 194  कोरबा, सोमवार, दिनांक 15 अप्रैल 2024 डाक 16 अप्रैल 2024  पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने में डॉ. बीआर अंबेडकर की 133 वीं जयंती के अवसर पर अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**देश-विदेश**
मोदी ने कांग्रेस को बताया टुकड़े-टुकड़े गिरोह का सुल्तान बोले- कर्नाटक से देशभर में भेजा जा रहा करोड़ों का काला धन



**फीचर पेज**
कान में आती है सायं-सायं की आवाज तो हो जाएं सावधान, हो सकती है खतरनाक बीमारी




## सीएम विष्णुदेव साय ने कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव को कहा लठैत

**रायपुर।** प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हाल ही में भिलाई विधायक और बिलासपुर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव को लेकर बयान देते हुए उन्हें लठैत कहा था। सीएम साय के इस बयान से यादव समाज नाराज हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव सीएम साय द्वारा विधायक देवेंद्र यादव को लेकर दिए गए बयान को लेकर अब यादव समाज नाराज दिख रहा है। सीएम विष्णुदेव साय के बयान के विरोध में आज यादव समाज के दो कांग्रेस विधायक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। कांग्रेस विधायक द्वारिकाधीश यादव और रामकुमार यादव प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए सीएम साय के बयान को लेकर उन पर निशाना साधेंगे।

## मिग 21 प्रशिक्षण के दौरान आई तेज आवाज इंटरनेट मीडिया पर फैली धमाके की अफवाह

**शिवपुरी।** सोमवार सुबह करीब 9.45 बजे शहर में अचानक कई जगह पर तेज धमाके की आवाज सुनी गई। आवाज सुनने के बाद इंटरनेट मीडिया पर विस्फोट होने की सूचना प्रसारित होने लगी। कई लोगों ने अपने घरों में भी तेज धमाके जैसी आवाज महसूस की। इसकी सूचना प्रसारित होते ही पैनिक स्थिति बनने लगी। शुरुआत में इसके कारणों का पता नहीं चला लेकिन थोड़ी देर में पुलिस नहीं है स्पष्ट किया यह आवाज मिग 21 विमान की है। ग्वालियर एयर फोर्स बेस से मिग 21 विमानो ने प्रशिक्षण के लिए उड़ान भरी थी।

# के. कविता को राउज एवेन्यू कोर्ट से झटका 23 अप्रैल तक बढ़ाई गई न्यायिक हिरासत

**नईदिल्ली, 15 अप्रैल [एजेंसी]।**



दिल्ली शराब घोटाले के मामले में जेल में बंद BRS की नेता के. कविता को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बीआरएस नेता के. कविता को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। कोर्ट ने के. कविता का न्यायिक हिरासत सीबीआई की मांग पर दी है। गौरतलब है कि सीबीआई की हिरासत आज खत्म होने के बाद के. कविता को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय के बाद सीबीआई ने 12 अप्रैल को के. कविता को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद शुक्रवार को सीबीआई ने उन्हें कोर्ट में पेश किया।

के. कविता तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी है। मार्च में उन्हें ईडी की टीम ने गिरफ्तार किया था, इसके बाद सीबीआई ने भी उन पर शराब घोटाले के मामले में शिकंजा कसते हुए गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई ने विशेष अदालत को बताया कि के. कविता ने शरथ रेड्डी को धमकाया था कि दिल्ली में ठेके प्राप्त करने के लिए आम आदमी पार्टी को 25 करोड़ का भुगतान करें। यदि इस शर्त को पूरा नहीं किया गया तो तेलंगाना और दिल्ली में उनके कारोबार को नुकसान उठाना पड़ सकता है। सीबीआई ने कोर्ट को जानकारी दी कि के. कविता आग्रह पर ही शरथ रेड्डी दिल्ली में शराब के कारोबार में शामिल हुए थे।

## आंध्र प्रदेश सुबह एक गोदाम में लगी भीषण आग, आसमान में उठा धुएं का गुबार

**अनंतपुर 15 अप्रैल।** सोमवार की सुबह आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में गुट्टी रोड पर एक गोदाम में भीषण आग लग गई। दमकल की गाड़ियां मौके पर आग बुझाने में जुटी हैं। फिलहाल किसी के हताहत होने या हताहत होने की कोई खबर नहीं है. समाचार एजेंसी ने एक वीडियो प्रकाशित किया है जिसमें आग बुझने के बाद गोदाम से धुएं का गुबार उठता दिख रहा है।

## शशि थरूर को चुनाव आयोग की चेतावनी



**तिरूवनंतपुरम, 15 अप्रैल [एजेंसी]।**

तिरुवनंतपुरम में चुनाव अधिकारी ने मौजूदा कांग्रेस सांसद शशि थरूर को अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी राजीव चंद्रशेखर के खिलाफ चुनाव प्रचार के दौरान असत्यापित आरोप नहीं लगाने को कहा है। चेतावनी 6 अप्रैल को भाजपा नेता जे.आर. पद्मकुमार द्वारा दायर की गई शिकायत के बाद आई है। शिकायत में कहा गया था कि थरूर ने एक टेलीविजन समाचार चैनल पर एक साक्षात्कार कार्यक्रम के दौरान निराधार आरोप लगाए थे। कार्यक्रम में थरूर ने राजीव चंद्रशेखर पर वोट के लिए मतदाताओं और धार्मिक नेताओं को पैसे की पेशकश करने का आरोप लगाया था। थरूर के खिलाफ एनडीए कनवीनर वी.वी. राजेश द्वारा एक और शिकायत दर्ज की गई थी। बताया गया कि थरूर ने साक्षात्कार में चंद्रशेखर को बदनाम करने के लिए झूठे और तुच्छ बयान दिए। चुनाव आयोग के नोडल अधिकारी ने कहा- ÷थरूर को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन में भविष्य में निराधार आरोप न लगाने की सख्त चेतावनी दी गई है। मीडिया चैनल को यह भी निर्देश दिया गया है कि जब तक एमसीसी लागू है तब तक साक्षात्कार के विवादित हिस्से का प्रसारण न करे। उन्हें एमसीसी लागू रहने तक साक्षात्कार के विवादित हिस्से के किसी अन्य प्रकार के प्रकाशन को हटाने/रोकने का भी निर्देश दिया जाता है। केरल में 26 अप्रैल को 20 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होना है। तिरुवनंतपुरम सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला है। यहां से थरूर, चंद्रशेखर और पूर्व सांसद और अनुभवी सीपीआई उम्मीदवार पन्नियन रवींद्रन मैदान में हैं।

## तमिलनाडु में राहुल के हेलिकॉप्टर की तलाशी ली गई चुनावी कार्यक्रम के लिए वायनाड जा रहे थे कांग्रेस नेता



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के नीलगिरी में चुनाव आयोग के अधिकारियों ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के हेलिकॉप्टर की तलाशी ली। पुलिस ने बताया कि हेलीकॉप्टर के यहां उतरने के बाद उड़न दस्ते के अधिकारियों ने तलाशी ली।

राहुल अपने संसदीय क्षेत्र केरल के वायनाड जा रहे थे, जहां वे सार्वजनिक रैली सहित कई चुनावी अभियानों में हिस्सा लेने वाले हैं। लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वायनाड में रोड शो किया। इस निर्वाचन क्षेत्र में उनका सामना सीपीआई नेता एनी राजा और भाजपा उम्मीदवार सुरेंद्रन से होने वाला है।

## चारधाम और अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन आज से

**इंदौर, 15 अप्रैल [एजेंसी]।**



हिंदू धर्म में पवित्र मानी जाने वाली चारधाम यात्रा और अमरनाथ यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के प्रोसेस आज से शुरू हो गई है। उत्तराखंड के चारधाम बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन आज से शुरू हो जाएंगे, वहीं दूसरी ओर अमरनाथ यात्रा के लिए भी पंजीकरण आज से शुरू जाएगा। अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को देश की 4 बैंकों के 540 शाखाओं में और श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की वेबसाइट के जरिए पंजीकरण कराना होगा। चारधाम यात्रा के लिए पंजीयन सोमवार सुबह 7 बजे से वेबसाइट, एप, वाट्सएप व टोल फ्री नंबर के जरिए कराया जा सकता है।

इसके अलावा उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद कार्यालय में कॉल सेंटर भी संचालित किया जा रहा है। ऋषिकेश में भी चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप में पंजीयन के लिए 8 काउंटर बनाए गए हैं। यदि आप भी अपना पंजीयन कराना चाहते हैं तो व्हाट्सएप नंबर 8394833833 पर yatra (यात्रा) लिख कर मैसेज करके रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसके अलावा टोल फ्री नंबर - 0135-1364 पर कॉल करके और touristcarerttarakhand मोबाइल एप से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

## सही समय पर देंगे जवाब, ईरान के हमले पर इजरायल ने बुलाई आपात बैठक



**नई दिल्ली 15 अप्रैल।** ईरान के इजरायल पर हमले के बाद दोनों देशों में विवाद बढ़ गया है। दोनों देशों के नेताओं के बयानों से युद्ध के भी कयास लगने लगे हैं। इजरायल भी अब एक्शन मोड में आ गया है और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के हमले का बदला लेने की कसम खाई है। इजरायल ने कहा कि वो जवाबी कार्रवाई करने और ईरान से कीमत वसूलने के लिए उचित समय और तरीका चुनेगा।

## ईरान के हमले के बाद एक्शन मोड में अमेरिका तुर्किये-मिस्र, जॉर्डन और सऊदी से साधा संपर्क



**वॉशिंगटन, 15 अप्रैल [एजेंसी]।**

इजरायल पर ईरान के हमले के बाद अमेरिका हालात पर नजर बनाए हुए हैं। पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने तुर्किये के विदेश मंत्री हकन फिदान से बात की है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि ब्लिंकन ने तुर्किये के मंत्री से ईरान द्वारा इजरायल पर किए गए हमले को लेकर चर्चा की है। तुर्किये के नेता के साथ बातचीत में एंटनी ब्लिंकन ने उनके प्रयासों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि एंटनी ब्लिंकन ने तुर्किये के विदेश मंत्री से ईरान द्वारा किए गए हमले के बारे में बात की। उन्होंने क्षेत्र में आगे वृद्धि को रोकने के लिए उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया।इसके अलावा अमेरिकी अधिकारी ने इजराइल में ईरान के हमलों के बाद मिस्र, जॉर्डन और सऊदी अरब में भी अपने समकक्षों से भी बात की है। ब्लिंकन ने क्षेत्र में तनाव से बचने और एक राजनयिक प्रतिक्रिया के महत्व पर जोर दिया। प्रवक्ता मिलर ने सऊदी विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान के साथ हुई बातचीत के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ब्लिंकन ने ईरान द्वारा इजरायल पर हुए हमले को लेकर उनसे वार्ता की। उन्होंने कहा कि ब्लिंकन ने जॉर्डन के विदेश मंत्री के साथ क्षेत्रीय तनाव कम करने को लेकर चर्चा की।

## 21 पूर्व न्यायाधीशों ने सीजेआई को लिखी चिट्ठी न्यायपालिका पर बढ़ते दबाव पर जताई चिंता



***नई दिल्ली।** 21 पूर्व न्यायाधीशों ने देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी में न्यायपालिका पर बढ़ते दबाव पर चिंता जताई गई है। चिट्ठी लिखने वालों में हाईकोर्ट के 17 पूर्व जज और सुप्रीम कोर्ट के चार पूर्व न्यायाधीश शामिल हैं।*

## बगड़ी फाटे पर बंद पड़े कोल्ड स्टोरेज में अचानक लगी आग



**नालछा / धार।** धामनोद मार्ग पर बगड़ी फाटे पर बंद पड़े श्री भोज सहकारी शीत गृह में सोमवार सुबह 7.30 बजे के दरमियान अचानक आग लग गई । आग की लपटें शीत गृह से करीब 10 से 15 किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रही थीं । बंद पड़े इस कोल्ड स्टोरेज में आग की घटना से कोल्ड स्टोरेज अंदर से पूरा जल गया। आग के बाद चारों तरफ आग की लपटें एव धुआं ही धुआं दिखाई दे रहा था ।

## राबर्ट वाड्रा ने अमेठी से चुनाव लड़ने की अटकलों को दी हवा, बांके बिहारी के दर्शन कर कह दी ये बड़ी बात

**वृंदावन, 15 अप्रैल [एजेंसी]।**



कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के पति राबर्ट वाड्रा सोमवार सुबह ठाकुर बांके बिहारी के दरबार में पहुंचे। मंदिर में पूजा के बाद राबर्ट वाड्रा ने देश में सुख समृद्धि की कामना करते हुए धर्म निरपेक्ष लोकतंत्र कायम होने की प्रार्थना की। उद्योगपति राबर्ट वाड्रा हाल ही में अमेठी से चुनाव लडने की इच्छा जताने के बाद सुर्खियों में हैं। वाड्रा ने करीब बीस मिनट तक ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। श्रृंगार आरती के दर्शनों के बाद मीडिया से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि ठाकुर बांके बिहारी से उन्होंने देश में सुख शांति की प्रार्थना की है। साथ ही धर्मनिरपेक्ष आवाज देश में बुलंद हो। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी चुनाव में बदलाव के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। निश्चित तौर पर देश के लोग और भगवान उनकी मेहनत को समझेंगे।

अमेठी से चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि पूरे देश के कई हिस्सों से लोग मुझे चुनाव लड़वाना चाहते हैं। मैं भी राजनीति में आने का इच्छुक हूं। सही समय आने पर इसका निर्णय लेंगे। उन्होंने भाजपा पर भेदभाव की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश में धर्मनिरपेक्ष सरकार कायम होनी चाहिए और आइएनडीआइ गठबंधन पूरी मजबूती से इस ओर काम कर रहा है। वाड्रा ने दर्शन के बाद ठाकुरजी की प्रसादी कचौड़ी का आनंद लिया और भक्तों को प्रसाद भी बांटा।

# बस्तर में सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी, 350 कंपनियां रहेंगी तैनात

**रायपुर, 15 अप्रैल [एजेंसी]।**

बस्तर में पहले चरण के मतदान में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था होगी, जिस तरह निर्वाचन कार्यालय की तैयारियां है। इससे अधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि बस्तर में मतदान का पिछला रिकॉर्ड ध्वस्त हो जाएगा, वहीं ज्यादा से ज्यादा मतदान होगा।बस्तर में वर्ष 2019 में 63.16 प्रतिशत मतदान हुआ था। नक्सली खतरों से मुकाबला करने व सुरक्षित मतदान के लिए बस्तर में इस बार 350 कंपनियां तैनात रहेगी। निर्वाचन कार्यालय ने बस्तर के 179 मतदान केंद्रों को शैडो एरिया के रूप में चिन्हित किया है। इससे पहले बस्तर लोकसभा के दंतेवाड़ा में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने दौरा करते हुए अधिकारियों की बैठक ली है। पहले चरण में जहां बस्तर लोकसभा में चुनाव होना है, वहां प्रदेश में सबसे अधिक मतदाता लिंगानुपात है। यहां 14 लाख 72 हजार 207 मतदाताओं में सात लाख 71 हजार 679 महिला मतदाता हैं, जो कुल मतदाताओं का 52 प्रतिशत है।

**☛ पिछला रिकॉर्ड ध्वस्त होने की उम्मीद**



बस्तर में कुल 1,961 मतदान केंद्रों में से 191 संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए हैं, वहीं 36 युवा तथा आठ दिव्यांग मतदान केंद्र निर्धारित किया गया है। निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि बस्तर जैसे दुर्गम तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जिस प्रकार से महिला अधिकारी कर्मचारियों ने साहसपूर्वक चुनाव कार्य को पूरा करने निर्णय लिया है वह अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा है।

## विस्फोट के साथ फूटी नर्मदा नदी की पाइप लाइन, बाढ़ जैसा पानी बहा, 3 घर ढहे



**महू, मानपुर।** महू तहसील के ग्राम बरखेड़ा से होकर गुजर रही नर्मदा नदी के दूसरे फेज की 48 साल पुरानी पाइप लाइन देर रात अचानक विस्फोट के साथ फूट गई। जिससे करीब 10 लाख लीटर पानी बह गया। पानी का बहाव इतना तेज था कि गांव के करीब 6 घर क्षतिग्रस्त हो गए। इसमें तीन घर पूरी तरह ढह गए। वहीं 4 घरों में सामान्य नुकसान हुआ है। गांव की सड़क का बड़ा हिस्सा भी बह गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद तहसीलदार विवेक सोनी, इंदौर नगर निगम डिप्टी कमिश्नर अभिलाष मिश्रा, पीएचई विभाग इंजीनियर दीपक प्रेमी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

## जैक से मकान उठा रहे 20 मजदूर मलबे में दबे दो की मौत, सीएम योगी ने हादसे पर लिया संज्ञान

**मुजफ्फरनगर।** दो मंजिला मकान जैक से उठाते समय भरभराकर गिर गया। मलबे में 20 श्रमिक दब गए। पुलिस ने मलबे में दबे 16 श्रमिकों को बाहर निकाला, इनमें दो की मौत हो गई। दूधिया रोशनी में डीआईजी, डीएम और एसएसपी के देखरेख में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और स्थानीय पुलिस जेसीबी मशीनों के साथ बचाव कार्य में जुटी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर संज्ञान लेते हुए प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालने तक अभियान जारी रखने के आदेश दिए हैं। घटना के बाद मकान मालिक और ठेकेदार दोनों फरार हो गए। मेरठ के मुरसलीन का जानसठ में पानीपत-खटीमा हाईवे पर बिजलीघर के सामने 400 वर्ग गज में दो मंजिला मकान था, जिसमें छह दुकानें बनी हुई थीं। हाईवे चौड़ीकरण के कारण मकान नीचा हो गया था, जिसे उठाने के लिए पांच दिन से कार्य चल रहा था। इसका ठेका रामपुर जिले के छुट्टन ठेकेदार को दे रखा था। बताया गया है कि रविवार शाम पांच बजे मजदूर कई जैक लगाकर मकान उठा रहे थे। तभी जैक तिरछा हो जाने के कारण पूरा मकान भरभरा कर गिर गया, जिसमें सभी श्रमिक दब गए। बचाव दल के पहुंचने से पहले स्थानीय लोग मलबे को हटाने में जुट गए। डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी और एसएसपी अभिषेक सिंह मौके पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से मलबा हटवाना शुरू कर दिया। 16 मजदूरों को बाहर निकाल कर सरकारी अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने मुरादाबाद के मोहित और रामपुर के पीयूष को मृत घोषित कर दिया। डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी का कहना है कि कई टीमें बचाव कार्य में लगी हैं। 16 श्रमिकों को बाहर निकाल लिया गया है। इनमें दो की मौत हो गई है।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथैरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथैरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा





# आर्टिस्ट एसोसिएशन की शास्त्रीय संगीत संध्या में चौधरी ने बांधा शमा

कोरबा। दिनांक 12 अप्रैल को छत्तीसगढ़ राइजिंग आर्टिस्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में साईं मंगलम बालकोनगर कोरबा में शास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं वायलिन वादकअशोक अग्रवाल एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राइजिंग आर्टिस्ट एसोसिएशन के प्रमुख संरक्षक शशि सिंह ने किया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में संगीत मार्तण्ड स्व. गजानंद दास वैष्णव की धर्म पत्नी श्रीमती यज्ञसेनी वैष्णव, छत्तीसगढ़ राइजिंग आर्टिस्ट एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष डॉ गिरीश केशकर, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला वादक एवं एसोसिएशन के प्रमुख मार्गदर्शक पंडित मोरध्वज वैष्णव एवं अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध कवयित्री डॉ. आशा आज़ाद जी थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं स्व. गजानंद दास वैष्णव की तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं प्रसिद्ध शास्त्री गायक कन्हैया दास वैष्णव एवं उनके शिष्यों द्वारा सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम में पंडित मोरध्वज वैष्णव के नन्हे नन्हे शिष्यों द्वारा सामूहिक तबला वादन एवं सामूहिक कथक नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया वहीं शास्त्रीय गायक कन्हैया दास वैष्णव जी ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्री अशोक अग्रवाल जी के द्वारा एक प्यार का नगमा है की धुन को वायलिन में प्रस्तुति देकर महफिल सजाया वहीं कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण कोलकाता से आये अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध सितार वादक पंडित असीम चौधरी के सितार वादन ने दर्शकों को देर रात तक भाव विभोर किया।

कार्यक्रम के संबंध में एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष डॉ. गिरीश केशकर एवं प्रमुख मार्गदर्शक पंडित मोरध्वज वैष्णव ने बताया कि संगीत मार्तण्ड स्व श्री गजानंद दास वैष्णव जी की पुण्यतिथि पर उनको स्मृति में हर वर्ष इस तरह का आयोजन किया जाता है और इस माध्यम से कला के क्षेत्र में बच्चों एवं उभरते हुए कलाकारों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उनको प्रतिभाओं निखारने और संवारने का कार्य किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र सौंप कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन वॉइस ऑफ अमीन सयानी के रूप में विख्यात रमेश शर्मा जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं कलाकार उपस्थित रहे।

## नुक्कड़ सभा में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री देवांगन

कोरबा । अंचल के एम.पी. नगर में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि आज शहर की रिहायशी इलाकों की सूरत बस्तियों से भी बदतर हो चुकी है। आज शहर के जिन कॉलोनियों को निगम ने बसाया था उनमें एक की भी स्थिति सही नहीं है। लंबे समय से एम.पी. नगर के सिवरेज सिस्टम की पूरी लाइन को बदलने की मांग की जा रही है, लेकिन कांग्रेस ने सिर्फ हवाहवाई बाते ही की, कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा की भाजपा सरकार सभी कॉलोनियों का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस समस्या के निदान के लिए अब आपको मांग करने की जररूत नही पड़ेगी। इस अवसर पर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, युवा मोर्चा के महामंत्री और पार्षद नरेंद्र देवांगन, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सोनू भाटिया, पूर्व पार्षद दिनेश वैष्णव, रामकुमार राठौर, कार्यकर्ता गण और आम जनमानस उपस्थित थे।

## रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने बच्चों को कल पिलाई जाएंगी दवा



कोरबा। चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बच्चे रहे स्वस्थ योजनान्तर्गत डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा द्वारा श्री शिव औषधालय एम.आई.जी 20, आर.पी.नगर फेस 2 निहारिका में दिनांक 16 अप्रैल 2024 मंगलवार को अति शुभ पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार प्रात: 10 बजे से कराया जायेगा।

चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत प्रतिमासानुसार इस माह में भी बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बच्चे रहे स्वस्थ योजनान्तर्गत डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा द्वारा श्री शिव औषधालय एम.आई.जी 20, आर.पी.नगर फेस 2 निहारिका में दिनांक 16 अप्रैल 2024 मंगलवार को अति शुभ पुष्य नक्षत्र में आयु वेंदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार कराया जायेगा। जिसमें जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चो को स्वर्ण बिन्दु प्राशन ड्रॉप्स पिलाकर आयुर्वेद पद्धति से टीकाकरण किया जाएगा। साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य का निशुल्क चिकित्सकीय परीक्षण करने के साथ बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिये बच्चों को एवं उनके अभिभावकों को बच्चों की आयुनुसार उनके लिए उपयोगी आहार विहार के विषय मे विस्तार से जानकारी देने के साथ उनके लिए उपयोगी योग प्राणायाम का भी निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# संयुक्त टीम का यातायात जागरूकता अभियान

कोरबा । पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी के दिशा निर्देशन में सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए लगातार यातायात पुलिस द्वारा प्रयास कर रही है इसी के तहत आज यातायात पुलिस आरटीओ और स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा टीपी नगर स्थित इंदिरा स्टेडियम में जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में वाहन चालकों के नेत्र परीक्षण, बीपी और शुगर की निशुल्क जांच की गई जागरूकता अभियान के तहत 110 स्कूल बसों की जांच की गई वही स्कूल बस चालको के स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गयाइसके अलावा वाहनों में जीपीएस, इंडिकेटर, सीसीटीवी कैमरा, फिटनेस, हैंड बॉक्स, आपातकालीन खिड़की की भी जांच की गई यातायात विभाग में पदस्थ डुह्यद्व मनोज राठौर ने बताया कि शहर में लगातार सड़क दुर्घटना हो रही है जिसे रोकने के लिए यातायात पुलिस द्वारा प्रयास कर रही है हाल ही में बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाभाटा नवधा पंडाल के पास ट्रेलर और ऑटो के बीच हादसा हुआ है दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत भी हुई है यातायात पुलिस लगातार सड़क दुर्घटना को रोकने का प्रयास कर रही है लेकिन चालकों के स्वास्थ्य खराब होने की वजह से और शराब सेवन किए जाने से दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है इसलिए चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है ताकि सड़क दुर्घटनाओं रोका जा सके जागरूकता जांच के बाद चालकों को निशुल्क दवाई भी उपलब्ध कराई गई परीक्षण के दौरान मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर सुमित गुप्ता, डॉक्टर आदित्य गिरी, आरटीओ विभाग से निरीक्षक सुजीत कुमार सिंह, अरविंद कुमार, प्रवीण कुमार ,विवेक सोनी ,सदानंद जांगड़े ,संजय वस्त्रकर, शत्रुघ्न ध्रुव ,लोमस वर्मा, यशवंत कंवर, दिलीप कुमार, यातायात विभाग से सब इंस्पेक्टर गोवर्धन मांझी ,डुह्यद्व मनोज राठौर, साहेब राम, टिकेश्वर साहू, राकेश साहू ,अजय राजवाड़े मुख्य रूप से उपस्थित थे

## सभी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ से पुलिस की बढ़ी परेशानी

कोरबा । कोरबा जिले के आस्था केन्द्रो में से एक कोरबा-चांपा मार्ग में पहाड़ ऊपर मां मड़वारानी के मंदिर में नवरात्रि पर श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व भीड़ देखी जा रही है। नवरात्र के छटवें दिन मां मड़वारानी मंदिर में नवदुर्गा का छठा रूप स्कन्द माता की पूजा के लिए श्रद्धालुओं की रेलमपेल भीड़ देखी गई। मां मड़वारानी में दर्शनार्थियों से पूरा सड़क जाम हो गया, जिससे आवागमन में काफी परेशानी हुई। जाम क्लीयर करने में पुलिस को भरी दोपहरी में पसीना बहाना पड़ा। घंटों मशक्कत के बाद पुलिस को जाम हटाने में सफलता मिली और सभी श्रद्धालुओं के लाईन में खड़े होकर दर्शन करने की अपील की गई, ताकि सड़क में वाहनों की आवाजाही सुगम हो सके।जिले के प्रमुख शक्ति मंदिरों में एक मां मड़वारानी मंदिर का भी कीर्तिमान है। यहां ऊपर और नीचे दोनों मंदिरों में लोगों की खासी भीड़ रहती है। मड़वारनी के ऊपर मंदिर में पहुंचना अब आसान हो गया है, क्योंकि आधे से अधिक दूरी तक सीढ़ी बन गई है। ऊपर में भी रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और मां का दर्शन कर रहे हैं। यहां भी रोजाना आध्यात्मिक प्रवृत्ति के उद्योगपति से लेकर आम नागरिक भोग भंडारा भी दे रहे हैं।

## आटो चालक ने दिखाई ईमानदारी, जेवरात भरे पर्स को सवारी को लौटाया




कोरबा। ऑटो में सफर करने के दौरान अक्सर कई लोग हड़बड़ी में गड़बड़ी कर जाते हैं और अपना बैग भूल जाते हैं। ऐसा ही मामला फिर से सामने आया था जहां एक महिला ने ऑटो से उतरने के दौरान सोने और चांदी के जेवरात से भरा हुआ बैग ऑटो में ही भूल गई थी। जब उसे पता चला कि उसका बैग छूट गया है तो उसके होश उड़ गए थे। लेकिन ऑटो चालक व ऑटो संघ ने ईमानदारी की मिसाल फिर से पेश की है और जेवरातों से भरा हुआ बैग सुरक्षित वापस सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार गायत्री बरेठ सोहागपुर की रहने वाली है जो पिछले दिनों ऑटो में सवार होकर अपने रिश्तेदार के घर बुधवारी आई हुई थी, इस दौरान वह अपना एक बैग ऑटो में ही भूल गई थी। जब वह घर पहुंची तो उसे पता चला कि वह अपना बैग साथ लाई ही नहीं है तब उसके होश उड़ गए क्योंकि बैग में सोने चांदी के जेवरात भरे हुए थे। महिला पिछले दो दिनों से अपने बैग की तलाश कर रही थी जहां ऑटो चालक को वह बैग ऑटो में ही मिला था उसने ईमानदारी के मिसाल पेश की थी और उसने जेवर से भरा हुआ बैग ऑटो संघ के सुपुर्द कर दिया था। ऑटो संघ सचिव यशवंत कौशिक ने गायत्री से संपर्क किया और सोमवार की सुबह उसे अपने कार्यालय में बुलाकर सोने चांदी से भरा हुआ बैग सुरक्षित गायत्री को सौप दिया है। सोने चांदी से भरा हुआ बैग सुरक्षित वापस पाकर परिवार की खुशी झलक उठी।

इससे पहले भी ऑटो चालकों ने कई बार ऐसी ही मिसाल पेश की है। ऑटो संघ के सचिव यशवंत कौशिक ने कहा कि इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं लेकिन ऑटो संघ हमेशा से ईमानदारी की मिसाल पेश करते आया है और हमेशा ही गुम सामानों को मालिकों के सुपुर्द करने में सफलता हासिल की हैं।

### बंद नहीं होने दिया जाएगा आश्रितों को नौकरी का मामला :पांडेय

कोरबा। जेबीसीसीसीआई सदस्य व कोयला मजदूर सभा के केंद्रीय महामंत्री नाथूलाल पांडेय ने कहा कि आश्रितों को नौकरी का मामला बंद नहीं होने दिया जाएगा। इसी तरह कई खदानों को एमडीओ मोड में देने की कोशिश प्रबंधन द्वारा की जा रही है, पर चालू खदान को नहीं देने दिया जाएगा। यदि प्रबंधन ऐसा रास्ता अख्तियार करता है तो संगठन इसका विरोध करेगा और जरूरत पड़ी, तो आंदोलन का रास्ता अख्तियार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को भी रोस्टर में रखने का कार्य शुरू कराया जाएगा। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि ठेका मजदूरों के लिए हाईपावर कमेटी द्वारा वेजेस निर्धारित किया गया है, पर मजदूरों को नहीं दिया है। एसईसीएल कुसमुंडा प्रवास पर आए पांडेय ने कहा कि कोल इंडिया में हिंद मजदूर सभा अन्य संगठनो की तुलना में सदस्यता के दृष्टिकोण से बड़ा है।

# मां सर्वमंगला के दरबार में दर्शन को उमड़ रही भक्तो की भीड़





कोरबा। शहर की जीवनदायनी नदी हसदेव के तट पर मां सर्वमंगला देवी का मंदिर स्थित है। चैत्र नवरात्रि के सातवें दिन भोग भंडारा सहित मां का श्रृंगार किया जाएगा। सर्वमंगला मंदिर के राजपुरोहित नमन पांडेय ने बताया कि गर्मी में लोगों को राहत दिलाने डोम निर्माण करा दिया गया है।

चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस से आज छठवें दिन तक मां सर्वमंगला के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ का आना-जाना लगा हुआ है। माता के दरबार में लोगों ने मत्था टेक सुख शांति और समृद्धि की कामना की है। सर्वमंगला मंदिर के राजपुरोहित नमन पांडेय ने बताया कि इस बार प्रबंधन ने मंदिर में लगे सभी परिसर में भीषण गर्मी को देखते हुए डोम का निर्माण कराया है। रात में लाइटिंग से सजकर यहां की दिव्यता और भव्यता को बढ़ा दिया गया है। रात में यहां की भव्यता देखने लायक बनी रहती है। डोम से लोगों को गर्मी में राहत मिलेगी। 15 अप्रैल सोमवार को मां सर्वमंगला परिसर में ही दोपहर 12 बजे से माता के आशीर्वाद तक भंडारा किया जा रहा है। सभी श्रद्धालु भंडारा में आकर प्रसाद ग्रहण

कर सकते है। उन्होंने कहा कि कोरबा सहित प्रदेश में मनोकामना ज्योति कलश मंदिर में प्रज्वलित कराए जाते हैं। यहां करीब 09 हजार ज्योति कलश दैविम्यान हो रहा है। दीपक की रौशनी आसमान तक पहुंचती है और इससे देवी माता की शक्ति बढ़ती है। ज्योत जलाने से मनोकामना की पूर्ति भी होती है।

कोरबा। एसईसीएल मुख्यालय में आज 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133 वीं जयंती सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं निदेशक (वित्त) जी श्रीनिवासन, निदेशक तकनीकी (संचालन) एस.एन. कापरी, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास के विशिष्ट आतिथ्य, विभिन्न विभागाध्यक्षों, विभिन्न श्रमसंघ प्रतिनिधियों, एससी/एसटी एसोसिएशन, सिस्टा के पदाधिकारियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, महिलाओं, बच्चों की उपस्थिति में मनाई गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा ने अपने उद्बोधन में बुद्धं शरणं गच्छामि ", धम्मं शरणं गच्छामि, संघं शरणं गच्छामि " से सीख लेते हुए अपनी संस्था, अपने कर्तव्यों एवं अपने समाज के प्रति हमेशा निष्ठावान रहने एवं बाबा साहेब के समता एवं समानता के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

# कोरबा में रेलवे ट्रैक पर युवक की मिली लाश :24 घंटे बाद भी नहीं हुई पहचान, सिर पर चोट के निशान; हत्या की आशंका



कोरबा । रेलवे स्टेशन से करीब दो स्टेशन आगे मड़वारानी के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में लाश मिली। बताया जा रहा है कि शनिवार की सुबह लगभग 11 बजे रेलवे ट्रैक पर युवक की लाश देखी गई। मालगाड़ी के ड्राइवर ने पहले स्टेशन मास्टर को इसकी सूचना दी। इसके बाद कोरबा रेलवे आरपीएफको इसकी जानकारी दी गई। आरपीएफपुलिस ने घटनाक्रम की जानकारी ली।

रेलवे आरपीएफ की मानें तो युवक की उम्र लगभग 25 साल की होगी। ऊपर इनर और नीचे जींस पहना हुआ है। घटना के बाद आरपीएफ पुलिस अपने स्तर पर पहचान करने की कोशिश कर रही है। वहीं पहचान के लिए आसपास ग्रामीणों को मौके पर बुलाया गया, लेकिन युवक की पहचान नहीं हो पाई। वहीं कोटवार के माध्यम से पहचान के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

रेलवे आरपीएफ स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से जानने की कोशिश कर रही है कि वह कब, कैसे और किन परिस्थितियों में घटना स्थल पहुंचा। युवक के सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं। बताया जा रहा है कि युवक की मौत रेलवे ट्रैक पर गिरने से भी हो सकती है।

स्टेशन मास्टर से पूछताछ में बताया कि युवक पहली बार स्टेशन के पास देखा गया है। उसके बाद हादसा कब, कैसे और और किन परिस्थिति में हुई है इसकी कोई जानकारी नहीं है। वहीं रेलवे आरपीएफ ने इसकी सूचना लोकल उरगा थाना पुलिस को भी दी है। उरगा थाना पुलिस ने जांच कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस भी अपने स्तर पर आसपास लोगों से पूछताछ कर रही है।

कुछ लोगों का कहना है कि युवक की मौत सामान्य नहीं बल्कि कुछ अनहोनी हुई होगी। युवक की मौत को लेकर कई प्रकार की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल रेलवे आरपीएफ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल रवाना कर दिया है।

# मृतक के परिजनों को मुआवजा देने के एलान के साथ खत्म हुआ चक्काजाम



कोरबा। तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर से जिस तरह से ऑटो चालक की मौत हुई,उसे लेकर जिला ऑटो संघ ने दिन भर हड़ताल और चक्काजाम किया। घंटो तक चले प्रदर्शन के बाद मृतक के परिजनों को एक लाख रुपयों का मुआवजा दिया गया,जिसके बाद हड़ताल को समाप्त किया गया।कोरबा के बालको क्षेत्र में सड़क दुर्घटना के दौरान ऑटो चालक के मौत के मामले में घंटो तक चली हड़ताल समाप्त हो गई है। तेज रफ्तार ट्रक ने सवारी से भरी ऑटो को ठोकर मार दी,थी जिससे चालक की मौत होने के साथ ही आधा दर्जन सवारी घायल हो गए थे। हादसे के बाद लोगों का आक्रोश मौके पर फूट पड़ा था,और जिला ऑटो संघ के साथ लोगों ने परसाभांटा चौक पर चक्काजाम कर शव को मौके पर रख प्रदर्शन किया। घंटो तक चले प्रदर्शन के बाद एसपी के साथ ही प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और एक लाख रुपए मुआवजा प्रदान करने की घोषणा के बाद आंदोलन को समाप्त किया गया।

एक लाख रुपए मुआवजा देने के साथ ही मृतक के उपचार के पैसों को भी माफ किया जाएगा,इतना ही नहीं मृतक के बच्चों को मुआवजा प्रदान किया जाएगा। इन सभी घोषणाओं के बाद प्रदर्शन को समाप्त किया गया। बालको में घंटो तक चला प्रदर्शन हुआ समाप्त,ट्रक की ठोकर से ऑटो चालक की हुई थी मौत,एक लाख का दिया गया मुआवजा

# भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे डा. अम्बेडकर



कोरबा। डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर बाबा साहेब लोकप्रिय, भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाजसुधारक थे। उन्होंने दलित एवं बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और दलितों के खिलाफ सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया। श्रमिकों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री एवं भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे। उक्त कथन महापौर राजकिशोर प्रसाद ने डॉ. अम्बेडकर जी की 134 वीं जयंती अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर कोरबा में आयोजित कार्यक्रम में उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कही। सभापति श्याम सुंदर सोनी ने बताया कि कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने विधि, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान के शोध कार्य में ख्याति प्राप्त की। जीवन के प्रारम्भिक कैरियर में वह अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रहे एवं वकालत की। बाद का जीवन राजनीतिक गतिविधियों में बीता। 1956 में उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया। 1990 में, मरणोपरांत उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री यू.आर. महिलांगे ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का जीवन सामाजिक चिंतन पर आधारित था। सामाजिक समानता, मौलिक अधिकार, मानवीय न्याय, समाजवाद तथा देश की एकता के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने बताया कि 15 अगस्त 1947 को भारत के स्वतंत्र होते ही पं. जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में बनी सरकार में डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री का पद संभाला था। उन्होंने आगे बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर पूरी शक्ति से जीवन भर सामाजिक उत्थान व विकास के लिए कार्य करते रहे। ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर ने कहा कि वे हर समाज के प्रेरक थे। उनका दर्शन सामाजिक चिंतन पर ही आधारित था। सामाजिक समानता, मौलिक अधिकार, मानवीय न्याय, समाजवाद तथा देश की एकता के लिए संघर्ष के पथ में उन्होंने अपने प्राणों की आहूति भी दी। सेवादल प्रमुख प्रदीप पुरायणे, रवि खुंटे, ए.डी जोशी, गणेश राम खुंटे, धना दास महिलांगे, किशन मिरी, रामगोपाल यादव, पंचराम निराला, विजय आनंद, पुष्पा पात्रे, रामचन्द्र, सरोज बघेल ने भी संबोधित किया। इन्होने बताया कि डॉ साहब जहां भी सम्मेलनों व सभाओं को सम्बोधित करते जय भीम के ऊंचे नारों से गगन (आसमान) गूंज उठता था। जिला कांग्रेस कार्यालय के बाद ओपन थियेटर पहुंचकर वहां स्थापित डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया गया और जय भीम के नारे लगाये गये।

# अन्नदाता के बारे में कांग्रेस ने हमेशा बेहतर किया, इस बार भी करेंगे: ज्योत्सना महंत



कोरबा लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत द्वारा अपने सघन जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस के न्याय पत्र 2024 को प्रमुखता से रखा जा रहा है। सांसद ने उपस्थित जनसमुदाय को बताया कि कांग्रेस हमेशा से ही अन्नदाता किसानों के बारे में सोचती आई है और उनके लिए जो भी बेहतर से बेहतर हुआ है, करने की कोशिश की है। हमने वादा किया है कि केन्द्र में सरकार आने पर किसानों का पूरा कर्जा माफ करने के साथ-साथ उन्हें कृषि उपयोगी बीज से लेकर उपकरणों, ट्रैक्टर, ट्राली तक में लगने वाले सभी तरह के टैक्स से मुक्त किया जाएगा। सांसद ने कहा कि 5 साल से देशभर के किसान दिल्ली में आंदोलन पर 700 से 800 किसान बलिदान दे चुके हैं किंतु उनकी सुनवाई नहीं हो रही। कांग्रेस ने वादा किया है कि सरकार बनने के साथ ही एमएसपी लाया जाएगा। केन्द्र में जब-जब कांग्रेस की सरकार रही तब-तब किसानों का कर्जा माफ किया गया। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनी तो 2 घंटे के भीतर कर्जा माफ किया और बिजली बिल हाफ की योजना अमल में लाई गई। मजदूरों को ईलाज की सुविधा के साथ-साथ परिवार की सुरक्षा के लिए बीमा का भी लाभ हम देंगे। सांसद ने कहा कि बीजेपी की सरकार ने 10 साल में कुछ नहीं किया, इस बार सरकार बदल कर देखिए, आपको अच्छा लगेगा। जनसंपर्क के दौरान सांसद का ग्रामवासियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया जाता रहा। बड़ी संख्या में स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# सभी दलों ने धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर की जयंती

**जांजगीर चांपा।** भारत रत्न एवम संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की कल 14 अप्रैल 2024 को 133 वी जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया । कल सुबह 9 बजे से जांजगीर के कचहरी चौक के पास स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा माल्यार्पण करने का सिलसिला जारी रहा। जहां बहुजन समाज पार्टी के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने के लिए उत्साह दिखाया जहां सैकड़ो की संख्या में बसपा के कार्यकर्ता स्व स्फूर्त होकर पहुंचे थे ।कांग्रेस पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ताओं ने भी बड़े उत्साह के साथ इसमें शामिल होकर बाबा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किए वही भाजपा के कुछ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शिरकत कर बाबा को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे थे जिन्होंने श्रद्धांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए । बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अधिवक्ता गणेश गुजराल के नेतृत्व में अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।जिसमें मुख्य रूप से बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट जी के गुजराल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर राठौर, सागर मोगरा, मिस्त्री संघ के जिला अध्यक्ष अमरनाथ बर्मन, नीलेश्वर रत्नाकर, मानसी बौद्ध, लक्षण कमलेश, सुरेश खूंटे,रमेश बघेल,आर के काटले,संतोष बाबई, सुरेश रात्रे, लक्ष्ण कमलेश, रामनाथ रात्रे, रामलाल रात्रे, गणेश रात्रे, सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे। कल शाम 4 बजे तक श्रदजलि देने वालों की लाइन लगी रही जो आकर बाबा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल एवं पार्षद विवेक सिसोदिया, पार्षद रामकुमार यादव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य सोहन डहरिया एवं पप्पूखान, कांग्रेस नेता हर प्रसाद साहू, चुन्नू थवाईत, महारती बघेल आदि नेताओं ने यहां आकर माल्यार्पण किए। इस अवसर पर राज मिस्त्री कल्याण संघ के तत्वाधान में उपस्थित लोगों के लिए फ्रूट सलाद एवं आम पानी का विशेष व्यवस्था की गई थी जहां सैकड़ो लोगों ने इस कार्यक्रम में पधार कर इस व्यवस्था का लाभ लेते हुए इसकी सराहना की। यह पहली व्यवस्था थी जहां राजमिस्त्री कल्याण संघ के द्वारा व्यापक पैमाने में नाश्ते का प्रबंध किया गया था। जिसमें अमरनाथ बर्मन एवं सागर मोंगरा की विशेष भूमिका रही है। अंबेडकर जयंती मनाने के लिए गांव से बहुत संख्या में लोग यहां पधारे हुए थे जो वहीं शहर के युवाओं में भी उत्साह देखा गया। शाम 4 से लेकर धूमल बाजा एवं डीजे के साथ शारदा चौक से लेकर नैला स्टेशन होते हुए सुभाष चन्द्र बोस चौक,कचहरी चौक मार्ग से अंबेडकर जयंती पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें शहर ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्र से भी बढ़ चढ़कर युवाओं ने हिस्सा लिए।





इस मौके पर इस मौके पर मनोज ताम्रकार पुरुषोत्तम,राम खीलावन,रामकुमार,सनत,लव पैगवार,अधिवक्ता लक्ष्मी लहरें, चुरावन तरुण, अनिल राठौड़,कमलेश नरेंद्र बंजारे,धनीराम, ननकी,खिलावन सूर्यवंशी,महेश खूंटे,अनिल चौरसिया, सनत डहरिया, आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने मेंअपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

## समस्त भय से मुक्ति देती है माँ कालरात्रि: पं द्विवेदी

**जांजगीर।** चाम्पा नगर की कुल देवी श्री माँ समलेश्वरी मंदिर में शारदीय नवरात्रि बड़ी धूम धाम से मनाया जा रहा है प्रतिदिन माँ समलेश्वरी के समक्ष दुर्गासप्तशती का पाठ हो रहा भक्त माँ के दर्शन के लिए लाइन पर अपनी बारी का इंतजार करते है पं अतुल कृष्ण द्विवेदी के अनुसार सप्तमी पर मध्य रात्रि माँ समलेश्वरी के समक्ष माँ कालरात्रि को स्वेत बलि निम्बू की माला अर्पित की जाएगी सप्तमी पूजन सोमवार दिनांक 15/04/2024 को मध्य रात्रि 11 बजे माँ को भक्तो और श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित की जाएगी। पं द्विवेदी बताते है कि देवी भागवत में आख्यान आता है कि निम्बू माला ( श्वेत बलि )चढ़ाने के पीछे मान्यता है कि मां काली को प्रसन्न करने के लिए पहले बली और नरमुंडों की माला चढ़ाई जाती थी. यह आज के समय में असंभव है. ऐसे में मां के इस रौद्र रूप को प्रसन्न करने के लिए और उनका आशीर्वाद पाने के लिए इन मालाओं की जगह पर नींबू की माला माता काली की मूर्ति पर चढ़ाते हैं!



## धुत्तीन दाई मंदिर में जगमगा रहे आस्था के दीप

**कोनारगढ।** लीलागर नदी के तट पर विराजित आदि शक्ति मां धुत्तीन दाई मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर भक्तों द्वारा अपने अपने मनोकामना के लिए दीप प्रज्वलित किया गया है ।मंदिर परिसर में रोज बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे रहे हैं। रोज भजन कीर्तन जस गीत का कार्यक्रम अलग अलग पार्टी द्वारा किया जा रहा है ।मंदिर परिसर को टेंट एवं लाइट से सजाया गया है नवरात्र पर्व को लेकर भक्तों द्वारा 275 तेल कलश एवं 21 घृत ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं।

भक्तों द्वारा सप्तमी अष्टमी नवमी को लोट मारते हुए मंदिर परिसर पहुंचेंगे आदि शक्ति मां धुत्तीन दाई के पुजारी पं. आदर्श तिवारी के द्वारा पूजन किया जा रहा है।चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ मंगलवार को हो गया है।इस बीच लीलागर नदी के तट पर मां धुत्तीन दाई के मंदिर में श्रद्धालुओ का तांता लग रहा है। नवरात्र में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है। सप्तमी अष्टमी.नवमी पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है ।जिसमें प्रतिदिन जसगीत का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है ।चैत्र नवरात्र पर ।ग्राम में माता चौरा, संतोषी मंदिर में भी दीप प्रज्वलित किया गया है।



**मां शिरीष पाठ में लग रही श्रद्धालुओं की भीड़-** देवी मंदिर शिरीष पाठ में आस्था के दीप नवरात्र के दिन प्रज्जवलित किए गए हैं। यहां श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है। पामगढ़ के दक्षिण रायपुर लवन मार्ग में ग्राम डोंगाकोहरौद स्थित है , जहां शिरीष पाठ को लेकर दंतकथा है । इसके अनुसार यहां का मंदिर दूर दराज तक ख्याति प्राप्त है। यहां नवरात्र की दोनो पर्व में धूमधाम से नवरात्र महोत्सव मनाया जाता है। मां की भक्ति में आस्था के साथ मनोकामना दीप भी बड़ी संख्या में जलवाए जाते हैं। अभी यहां 323 तेल ज्योति , 20 घृत ज्योति के साथ 7 ज्वारा कलश भी भक्तों द्वारा प्रज्जवलित कराया गया है । दूसरी तरफ दिन मंदिर की ख्याति फैल रही है। नवजागरण शिरीष कल्याण सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष नए मंदिर व ज्योति कक्ष का निर्माण भी किया जा रहा है ।

## सार्वजनिक जगह पर धारदार चाकू लहराते हुए युवक गिरफ्तार

**नैला।** चौकी नैला पुलिस को दिनांक 13.04.2024 को मुखबिर सूचना मिला की आरोपी हरीश सूर्यवंशी निवासी सिवनी जो मां संतोषी मंदिर के पास चाकू को लहराते हुये आम लोगो को भयक्रांत कर रहा है की सूचना पर विवेक शुक्ला (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में गवाहों के साथ आरोपी को पकड़ने के लिए रेड कार्यवाही कर आरोपी को घेरा बंदी कर पकड़ा जिसके कब्जे से एक धार दार चाकू बरामद किया जाकर आरोपी के विरुद्ध आर्म एक्ट के तहत अपराध घटित करना पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार दिनांक 14.04.2024 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक भागवत प्रसाद डहरिया चौकी प्रभारी नैला, सहायक उप निरीक्षक जयनंदन मार्बल, प्र.आर. रूद्रनारायण कश्यप, आरक्षक संतोष प्रधान, प्रकाश व्दिवेदी, महिला आरक्षक रुक्मणी कंवर एवं चौकी नैला स्टॉप का सराहनीय योगदान रहा।

## मानसिक रूप से बीमार शख्स ने की आत्महत्या

**जांजगीर-चांपा।** जिले में एक व्यक्ति ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि कुछ सालों से मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम लटिया पकरिया के रहने वाले धन सिंह (40 साल) ने अपने घर के परछी में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या की है। मृतक राज मिस्त्री का काम करता था। वह अपने घर में अपने बेटे के साथ रहता था। धन सिंह की पत्नी की तबीयत ठीक नहीं होने के कारण वह 4-5 महीने से बिलासपुर जिले कसौंदी गांव में मायके में रहकर अपना इलाज करा रही है।

**लोगों ने देखा था गांव में घूमते**

बेटे का कहना है कि वह हाइवा वाहन में हेल्पर का काम करता है। वह शनिवार को अपने काम पर चला गया था। गांव के लोगों ने धन सिंह को शाम करीबन 6 बजे तक गांव में ही घूमते हुए देखा था। वहीं रविवार की सुबह 9 बजे करीब उसका बेटा घर आया। दरवाजा खोला तो देखा की पिता धन सिंह फांसी के फंदे में लटका हुआ था।

**मानसिक बीमारी का चल रहा था इलाज**

मृतक ने सीढ़ी के सहारे घर की छत से निकले हुए लोहे के एंगल में रस्सी बांधकर आत्महत्या की है। बेटे का कहना है कि पिता धन सिंह को मानसिक बीमारी थी जिसका इलाज चल रहा था। धन सिंह के पास से कोई सुसाइट नोट नहीं मिला है। इसलिए प्रथम दृष्टि आत्महत्या बताया जा रहा है।

**जांच के बाद कारण होगा स्पष्ट**

सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची शव को नीचे उतारा गया। पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। अकलतरा थाना पुलिस का कहना है कि मृतक ने आत्महत्या किस वजह से की है, जांच पड़ताल के बाद ही पता चला पाएगा।

## अमरकंटक जाने के लिए निकले ड्राइवर की हत्या

**जांजगीर- चांपा।** शनिवार की रात कोटमीसोनार से अमरकंटक जाने के लिए निकले ड्राइवर का शव रविवार की सुबह ग्राम लखुर्री के खेत में मिला। उसके चेहरे पर चोट के निशान थे। मारपीट कर हत्या की आशंका जताई गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला सारागांव थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार बिलासपुर जिले के लाल खदान का निवासी रमाकांत तिवारी ट्रैवल्स एजेंसी में वाहन चलाने का काम करता था।

## जीपीएस लोकेशन के बाद पुलिस ने खोजी दुपहिया, खेत में मिला लापता का व्यक्ति का शव

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम लाखुर्री के खेत में रविवार सुबह एक युवक का शव मिला है। युवक के चेहरे पर चोट के निशान मिले हैं। मारपीट कर हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान रमाकांत तिवारी के रूप में की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। मामला सारागांव थाना क्षेत्र का है।

एएसपी राजेंद्र जायसवाल ने बताया कि मृतक युवक की पहचान रामकांत तिवारी के रूप में हुई है। वह बिलासपुर जिले के लाल खदान का रहने वाला है। रामकांत तिवारी ट्रैवल्स एजेंसी में गाड़ी चलाने का काम करता है।



**कोटमीसोनर से अमरकंटक जाने के लिए बुक हुई थी गाड़ी**

गाड़ी मालिक ने बताया कि शनिवार की रात गाड़ी कोटमीसोनार से अमरकंटक जाने के लिए कुछ लोगों ने फोन नंबर देकर गाड़ी की बुकिंग की थी। इसके बाद रामकांत पैसेंजर को लेने के लिए कोटमी सोनार गया हुआ था।

**जीपीएस ट्रैकिंग के दौरान कहीं और जाती दिखी गाड़ी**

कुछ समय बाद मगर चालक रमाकांत का मोबाइल बंद होने पर गाड़ी मालिक जीपीएस के माध्यम से गाड़ी को ट्रेस कर रहा था, जिसमें गाड़ी कहीं और जा रही थी। गाड़ी मालिक ने अनहोनी की आशंका होने पर डायल 112 को फोन कर शिकायत दर्ज कराकर गाड़ी का लोकेशन भेजा गया। जहां अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम पचारी में गाड़ी मिली मगर चालक रमाकांत नहीं था।

**युवक के कपड़ों पर मिले खून के निशान**

रविवार सुबह करीब 10 बजे लाखुर्री के खेत में ग्रामीणों ने एक युवक की लाश पड़ी देखी और इसकी सूचना सारागांव थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की गई। युवक के कपड़ों पर खून के निशान भी मिले हैं। पुलिस ने हत्या की आशंका जताई है। बिलासपुर से एफएसएल टीम को बुलाया गया है। फिलहाल पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

## अवैध ईंट भट्ठों का संचालन जारी,खनिज विभाग की बनी मेहरबानी

**जांजगीर।** फिक्स चिमनी ईंट भट्ठा संचालकों के आगे जिला के खनिज अधिकारी मजबूर नजर आ रहे हैं। अधिकारियों ने तनौद में दो चिमनियों को अवैध पाया है और ईंट जब्त की है। जब्त ईंटों को उन्हीं के हवाले किया गया है, इसके बदले में ईंट भट्ठा संचालकों को पेनल्टी लगाई जाएगी। उन्हें अधिकारी लगातार बुला रहे हैं, लेकिन ईंट भट्ठा संचालक अधिकारी के बुलावे पर भी नहीं आ रहे हैं, बल्कि वे अधिकारियों को लगातार आज-कल आने की बात कह कर पेशी दे रहे हैं। शिवरीनारायण क्षेत्र में महानदी के किनारे ग्राम तनौद में पांच फिक्स चिमनी ईंट भट्ठे हैं। जबकि एक और भट्ठा निर्माणाधीन है। इन पांच में से केवल एक फिक्स चिमनी ईंट भट्ठा को ही पर्यावरण विभाग से अनुमति है, बाकी चिमनी अवैध रूप से बना ली गई है। लाल ईंट के इस काले कारोबार की खबर प्राथमिकता से दैनिक भास्कर में प्रकाशित होने के बाद जिला के खनिज विभाग के अधिकारियों की टीम ने मौके पर जाकर जांच की। यहां जांच में दो पुरानी चिमनी मिली और तीन नई चिमनी चल रही है। इसमें सुनीता अग्रवाल के नाम से संचालित एक फिक्स चिमनी को ही पर्यावरण विभाग से अनुमति मिली है। वहीं, अजय साहू ने पर्यावरण विभाग से अनुमति लिए बिना ही चिमनी लगा दी है। उसके भट्ठे से करीब साढ़े आठ लाख ईंट जब्त की गई थी। उसे बार-बार बुलाया जा रहा है, लेकिन वह बहानेबाजी कर रहा है।

पेनल्टी लगाई जाएगी ट्टसुनीता अग्रवाल के नाम से एक चिमनी को अनुमति है, लेकिन वहां पर दो चिमनी लगाई गई है। एक चिमनी से करीब डेढ़ लाख ईंट उसके यहां से जब्त की गई है। अजय साहू व सुनीता अग्रवाल ईंट भट्ठा के संचालक को पेनल्टी लगाई जाएगी।

## बिना रेडियम के खड़े रहने वाले वाहनों से सड़क पर हादसे की आशंका

**जांजगीर।** शहर की सड़क हो या फिर हाइवे, इनके किनारे दिन-रात वाहन खड़े नजर आ जाएंगे। कई बार सड़क किनारे खड़े वाहन हादसे का कारण भी बने, लेकिन अफसरों ने ध्यान नहीं दिया। शहर के बाहर कहीं भी रोड लाइट नहीं लगी है। रात के समय वाहन चलाना उस समय चुनौती बन जाता है, जब बगल की दूसरी लेन पर सामने से तेज लाइट जलाते हुए वाहन लगातार आते हैं। इस दौरान सामने कुछ भी नहीं दिखता। ऐसे में सड़कों के किनारे खड़े वाहनों से दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है।

हाइवे को तेज गति से चलने के योग्य बनाने का लाभ तो सभी को मिल रहा है, लेकिन इस पर जान का जोखिम भी बढ़ गया है। हाइवे पर चलने वाले माल भरे ट्रक हों या अन्य कोई वाहन, चालकों की लापरवाही से दुर्घटनाएं हो रही हैं। अवैध वाहन स्टैंड पर प्रभावशाली कार्रवाई नहीं होने का नतीजा यह है कि खोखरा रोड से लेकर नेशनल हाइवे-49 तक मुख्य मार्ग पर ट्रक और अन्य भारी वाहनों का कब्जा रहता है। कार्रवाई न होने सड़क के किनारे ट्रक व भारी वाहन चालक गाड़ी सहित डेरा जमाए रहते हैं। यह दुर्घटनाओं का कारण बनता है।

ट्रैफिक सिग्नल नहीं होने से बड़ी समस्या शहर के आउटर खोखरा रोड या हाइवे पर सिग्नल नहीं लगे हैं। ऐसे में रात के समय यात्रा करना चुनौती है। जब सामने से आ रहे वाहन की लाइट आंखों पर पड़ती है तो सब कुछ दिखना बंद हो जाता है। उस में सामने किसी से टकराने की आशंका प्रबल होती है। चुनाव, नवरात्रि और वीआईपी ड्यूटी में बल की तैनाती होने के कारण हाइवे पर 2-3 दिनों से कार्रवाई नहीं हो पा रही है। इससे पहले नियमित रूप से गश्त होती थी और ढाबों के पास या कहीं और सड़क किनारे वाहन पार्क पाए जाने पर कार्रवाई की जाती थी। शहर में अभी मैं राउंड पर ही हूं कुछ दिखता है तो तुरंत कार्रवाई करता हूं। - प्रदीप जोशी, यातायात प्रभारी, जांजगीर मेन रोड पर लगती है ट्रक की लंबी लाइन नेशनल हाइवे में तिलई व अमरताल के ढाबों के सामने सड़क के दोनों ओर भारी वाहनों की लंबी लाइन लगी रहती है। इन वाहनों के चालक कभी भी रोड की ओर गाड़ी मोड़ देते हैं। इन स्थानों पर दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है।

## कुम्हारी हादसे के बाद स्कूल वाहनों के फिटनेस पर जोर

**जांजगीर।** विवेक शुक्ला (भा.पु. से.)पुलिस अधीक्षक जांजगीर के निर्देशन में तथा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में दिनांक 14.04.2024 को पुलिस लाइन खोखरा भांठा जांजगीर में रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी यातायात प्रभारी जांजगीर एवम जिला परिवहन विभाग की टीम द्वारा सयुक्त रूप वाहनों का फिटनेस चेकिंग किया गया। जिले के शासकीय/निजी स्कूलो के वाहनों को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्कूल बसों से संबंधित अनुज्ञा पत्र की शर्तों के आधार पर एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी अधिसूचना के द्वारा स्कूल बस के रूप में संचालन हेतु अनुज्ञा पत्र के अनुशार भौतिक सत्यापन पुलिस लाईन जांजगीर में किया गया

यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयूक्त टीम द्वारा जिले में संचालित शासकीय/निजी स्कूलो के स्कूल वाहनों की भौतिक सत्यापन करने हेतु कैंप का आयेजन किया गया। जिले के जांजगीर, चांपा, बलौदा, शिवरीनारायण, बिर्रा, तिलाई, पामगढ़, पहरिया में संचालित स्कूलों में चलने वाले 112 स्कूली वाहनों का भौतिक सत्यापन किया गया।

# संविधान के मुद्दे पर कांग्रेस लड़ रही चुनाव: महंत

### अम्बेडकर जयंती पर जिले में कार्यक्रम का आयोजन, घोषणापत्र पर भी हुई चर्चा

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय के कचहरी चौक के पास स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने संविधान बचाने और संविधान के पथ पर चलने की बात कही है। वहीं कांग्रेस की न्याय पत्र की तुलना में भाजपा के घोषणा पत्र को शून्य बताया।

नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत रविवार को जिला मुख्यालय में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वी जयंती पर कार्यक्रम में शामिल हुए। कचहरी चौक के पास स्थित बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया। नेता प्रतिपक्ष महंत ने बाबा साहेब को याद करते हुए उनके द्वारा दिए गए संविधान के पथ पर चलने की बात कही।

**संविधान को बचा कर रखना हमारा दायित्व**

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि बाबा साहेब ने भारत देश के हर वर्ग के लोगों को इस संविधान से आजादी दी है, जिसे बचा कर रखना हमारा दायित्व है। आप सभी संविधान के साथ-साथ लोक तंत्र को बचाने की संकल्प लें।



उन्होंने कहा कि जिस तरह से लोकतंत्र में संवैधानिक संस्थाओं को बर्बाद करने का काम किया जा रहा है। इससे देश के एससी, एसटी, ओबीसी और जितने भी जन सामान्य लोग हैं उन सभी खतरा है। जिन्हें बोलने की आजादी है और जिन्हें अपना-अपना धर्म निभाने की आजादी है उन्हें खतरा है। अपनी जीवन की शैली को लेकर उन सभी पर खतरा बना हुआ है।

नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने कांग्रेस के न्याय पत्र और बीजेपी के घोषणा पत्र की तुलना करते हुए बीजेपी के घोषणा पत्र को शून्य बताया। उन्होंने कहा कि बीजेपी के घोषणा पत्र में देश के किसानों के लिए कुछ नहीं दिख रहा है। युवाओं के लिए कोई रास्ता नहीं है उनको आने वाले समय में नौकरी नहीं मिलेगा।

हमारी बहनों के लिए हमने जो 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया है उसके लिए घोषणा पत्र में कोई रास्ता नहीं है। कांग्रेस ने गरीब परिवार के शादीशुदा महिलाओं को 1 लाख रुपए देने का वादा किया है। मगर बीजेपी के घोषणा पत्र में उसके बारे में कुछ नहीं है। कांग्रेस ने भारत में हो रहे अन्याय को देखते हुए न्याय पत्र जारी किया है। उसके तुलना में बीजेपी का घोषणा पत्र है शून्य के सिवा कुछ नहीं है।

## महानदी के घाट पर दीपदान करने के साथ वोट डालने का संकल्प लिया

**शिवरीनारायण।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी के लिए मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत नगर के बावा घाट में दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए घाट में आकर्षक रंगोली बनाई थी। इस मौके पर तहसीलदार कृष्ण कुमार जायसवाल ने उपस्थित सभी लोगों को बिना किसी प्रलोभन के निर्भीक व निष्पक्ष मतदान करने की शपथ दिलाई। सीएमओ आशीष तिवारी ने कहा लोकतंत्र को मजबूत बनाने मतदान अवश्य करें। मतदान दिवस को अपने निर्धारित मतदान केंद्र जाकर वोट जरूर डालें। इस अवसर पर हर्षा तिवारी, किशोर सिदार, पूजा साहू, उत्तम बंजारे, रविन्द्र साहू, राजेन्द्र सिंह गांधी, दीपक साहू, मोहन बनर्जी, बजरंग यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



**अनमोल वचन**

जो व्यक्ति सफलता की प्राप्ति चाहता है वह छोटी-छोटी समस्याओं और असफलता से कभी नहीं घबराता।

## कंकड़ फेंक कर ठहराव तोड़ने की कोशिश

अमेरिकी पत्रिका न्यूजवीक के एक इंटरव्यू में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन से सामान्य संबंध की बात की है। यह महत्वपूर्ण तो है ही, बल्कि माध्यम-स्रेत एवं मतदान के लिहाज से भी अनेक संकेत देता है। इसका प्राथमिक संदर्भ तो निश्चित ही भारत और चीन संबंध हैं पर इसके जरिए अमेरिका, रूस और तमाम यूरोपीय देश एवं वैश्विक समूहों-मंचों को एक स्पष्ट संदेश दिया गया है। इसके अपने सांदर्भिक महत्त्व हैं। देशज मतलब यह हो सकता है कि गलवान में 2020 की हिंसक झड़प के बाद से सीमा पर हालात सामान्य बनाए जाने पर ही संबंध सुधार की पहली सख्त शर्त एक थकान में बदलने लगी है। 21वें दौर की बातचीत का कोई बड़ा आउटपुट नहीं मिला है। यह विस्तृत सीमा विवाद को सुलझाने की छह दशकों से जारी वार्ता की नियति को प्राप्त हो गई है। विपक्ष को हमलावर होने को मौका मिल रहा है। इससे सत्ता पक्ष की हानि हो सकती है। यह तर्क मान लें तो इससे विपक्ष और हमलावर हो जाएगा जो पहले ही चीन के जमीन हथियाने के मामले में मोदी पर कायर होने का आरोप लगा रहा है। ऐसी स्थिति में नरमियत दिखाना विपक्ष समेत देश एवं चीन को यह मानने का संकेत देना होगा कि प्रधानमंत्री मोदी झुक गए हैं, जो सही नहीं है।

जाहिर है, मोदी जैसे प्रधानमंत्री ऐसा नहीं करेंगे-विवाद का शांतिपूर्ण हल निकालने की स्वाभाविक सदिच्छा के बावजूद। सामान्य संबंध की कामना देश के विकास से जुड़ी होती है, और कोई भी राजनेता इसकी महत्ता से इनकार नहीं कर सकता, लेकिन यह संप्रभुता की कीमत पर नहीं होती। भारत जिस जगह पर है, वहां से तो इसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती। फिलहाल, इसका देशज अर्थ यही है कि मोदी ने कंकड़ फेंक कर ठहराव तोड़ने की कोशिश की है। चीन ने खुले दिल से इसका स्वागत भी किया है।

हालांकि उसने भारत के रवैये में सुधार आने को अमेरिका को संदेश दिया जाना भी पढ़ा है, जो क्वाड के मंच से भारत के जरिए चीन की घेरेबंदी कराना चाहता है, लड़ाना चाहता है। बाइडेन क्वाड, यूक्रेन करते हुए भी चीन के साथ होने का इजहार करने से बाज नहीं आ रहे तो तमाम प्रतिकूलताओं के बावजूद भारत सामान्यतया की ओर क्यों नहीं बढ़ सकता। इससे अमेरिकी दौरे तेज हो जाएंगे।

## राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन घूमनेफिरने में अधिक बीतेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है। आपका कोई करीबी आपसे मिलने आएगा, जिससे मिलकर अपनी पुरानी यादें ताजा होंगी। छात्र खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। माता को लाल चुनरी चढ़ाए, रुके हुए पैसे वापस मिलेंगे।

वृष राशि : आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। आज कोई काम शुरू करते वक्त आपको सोंच विचार करना चाहिए। आपकी आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी। नेत्र संबंधित समस्या के लिए डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं। आपको पैसों के लेन-देन में सावधान रहने की जरूरत है। मां दुर्गा को पान का पत्ता अर्पित करें, मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।

मिथुन राशिः आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। नया ऑफिस ज्वॉइन करना चाहते हैं तो समय आपका साथ देगा। कार्य क्षेत्र में सफलता हासिल होगी। आज नौकरी में उल्लास का माहौल बनेगा। डॉक्टर्स आज अपने सीनियर से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करेंगे। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। माता के आगें माथा टेके, करोबार में बढ़ोतरी होगी।

कर्क राशि : आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज दोस्तों केसाथ बाहर खाने का प्लान बनायेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सोच समझकर कोई भी फैसला लेना चाहिए। आज आप कोई नया सामान खरीदने का मन बना सकते हैं। व्यापार में थोडा बदलाव लायेंगे। आज आपका स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। आज किसी कन्या के पैर छूकर आशीर्वाद लें, आपकी मेहनत रंग लाएगी।

सिंह राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। व्यापार में अनुकूल स्थितियां बनी रहेंगी। आज बड़ों का सपोर्ट आपको मिलेगा। आज बच्चों के साथ आप समय बिताएंगे। आज आपको वाहन सुख के योग बन रहे हैं। लवमेट आज एक दूसरे के भावनाओं की कद्र करेंगे। स्कंद माता को फूल अर्पित करें, मेहनत के बेहतर परिणाम मिलेंगे।

कन्या राशि : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। बिजनेस में कोई डील आज फाइनल होगी। आज नए क्लाइंट्स के साथ मीटिंग करेंगे। अविवाहितों के चल रहे रिश्ते की बात जल्द पक्की होगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बितायेंगे। किसी के सहयोग से आपको लाभ होगा। मां दुर्गा की उपासना करें, आपके आय में बढ़ोतरी होगी।

तुला राशि : आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने मे सफलता मिलेगी। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना अच्छा रहेगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। दुर्गा जी की आरती करें, आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज का दिन आनंद से भरा रहेगा, आप जिंदगी को पूरी तरह जिएंगे। इस राशि के प्रतियोगी परीक्षा के छात्रों को समझदारी से तैयारी करनी चाहिए। माता पिता की जिम्मेदारियों को उठाने का पूर्ण प्रयास करेंगे। माता के सामने घी का दीपक जलाएं, जीवन में दूसरे लोगों का सहयोग मिलता रहेगा।

धनु राशि : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। कोई पुराना मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है, आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य अनुसार सहायता करेंगे। सफलता की नयी किरण दिखाई देगी। काफी समय से वाहन लेने का मन बना रहे हैं तो आज वाहन लेने में समय आपका साथ देगा। दुर्गा स्त्रोत का पाठ करें, स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

मकर राशि : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप कोई मशीनरी खरीदने का मन बना सकते हैं। परिवार के सदस्यों में प्रेमभाव बढ़ेगा। लवमेट को मनचाहा उपहार मिलेगा। आर्ट्स के छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है। स्कंदमाता को मीठे का भोग लगाएं, किस्मत का साथ मिलता रहेगा।

कुंभ राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। पुत्र पक्ष से सहयोग मिलेगा, रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों का प्रोजेक्ट जल्द पूरा हो जाएगा, लोग आपके कार्य से खुश होंगे। आज आपको प्रमोशन से जुड़ी खबर मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ तालमेल बेहतर बनेगा। परिवार के साथ माता दुर्गा की पूजा करें, जीवन में खुशियां बनी रहेंगी।

मीन राशि : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी मेहमान के आने से उनके सत्कार की तैयारियों में व्यस्त रहेंगे। आज आपको आय के नए साधन मिलेंगे। सिविल इंजीनियर्स का आज कोई पहले का प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा। आज आपकी सकारात्मक सोच कार्यों में सहयोग करेगी। मां दुर्गा को लौंग अर्पित करें, आपके सभी रूके हुए काम बनेंगे।

# कंकड़ फेंक कर ठहराव तोड़ने की कोशिश

//मनीष कुमार चौधरी//

**उन्नीसवीं सदी की शुरुआत तक गहराई की अधिक विस्तृत वैज्ञानिक समझ ने आकार लेना शुरू नहीं किया था। जैसे-जैसे यूरोपीय और अमेरिकियों की वाणिज्यिक और क्षेत्रीय आकांक्षाएं दुनिया भर में विस्तारित हुई, महासागर के बारे में अधिक सटीक और अधिक विस्तृत ज्ञान की आवश्यकता भी बढ़ी, लेकिन जल्द ही विकास की अंधाधुंध दौड़ में समुद्र की इन गहराइयों का बेजा इस्तेमाल शुरू हो गया। समुद्र की गहराई का उपयोग बड़ी मात्रा में परमाणु सामग्री के लिए अंतिम विश्राम स्थल के रूप में भी किया गया।**

पहले और दूसरे विश्व युद्ध के बाद के वर्षों में ब्रिटिश, अमेरिकी, सोवियत, ऑस्ट्रेलियाई और कनाडाई सरकारों ने सैकड़ों-हजारों टन अप्रचलित रासायनिक हथियारों को दुनिया भर के पानी की गहराई में या तो ड्रमों में या टुकड़ों में भेज दिया। हालांकि सार्वजनिक आक्रोश के कारण इस प्रथा को 1972 में समाप्त कर दिया गया था। वर्ष 2019 के एक अध्ययन में आर्कटिक महासागर के तल पर कम से कम 18 हजार रेडियोधर्मी वस्तुएं बिखरी हुई पाई गई, उनमें से कई को सोवियत संघ द्वारा वहां फेंक दिया गया था। जब ये वस्तुएं अपनी जहरीली विरासत को पानी में छोड़ना शुरू कर देंगी, तब क्या होगा? कई पर्यावरणविदों ने इस स्थिति को 'समुद्र तल पर धीमी गति से चल रहा चेर्नोबिल' कहा है।

हालांकि सोवियत संघ ने किसी भी अन्य देश की तुलना में समुद्र तल पर अधिक परमाणु कचरा फेंका था, लेकिन वह निश्चित रूप से अकेला नहीं था। 1948 और 1982 के बीच, ब्रिटिश सरकार ने लगभग 70 हजार टन परमाणु कचरा समुद्र की गहराई में भेज दिया। भले ही कम मात्रा में ही सही, अमेरिका, स्विट्जरलैंड, जापान और नीदरलैंड ऐसे कुछ देश हैं, जिन्होंने रेडियोधर्मी सामग्री के निपटान के लिए समुद्र का उपयोग किया है। 2019 में चीनी वैज्ञानिकों ने मारियाना ट्रेंच के तल पर रहने वाले उभयचरों के शरीर में 1940 और 50 के दशक में परमाणु बमों के विस्फोट से उपजे रेडियोधर्मी कार्बन-14 की खोज की।

अब जबकि अंतरराष्ट्रीय संधियां समुद्र में रेडियोधर्मी सामग्री के डंपिंग पर रोक लगाती हैं, ब्रिटिश सरकार कुम्ब्रिया के समुद्र तल के नीचे 100 टन से अधिक प्लूटोनियम सहित 750,000 क्यूबिक मीटर परमाणु कचरे के निपटान की योजना तलाश रही है। 1946 से 1993 तक, तेरह देशों ने मुख्य रूप से चिकित्सा, अनुसंधान और परमाणु उद्योग से निकले लगभग 200,000 टन परमाणु/रेडियोधर्मी कचरे को निपटाने के लिए समुद्रों का किसी डंपिंग यार्ड की तरह उपयोग किया। भले ही समुद्र में डंपिंग के मामले में अब तक केवल निम्न स्तर के रेडियोधर्मी कचरे को ही डंप किया गया है, लेकिन समुद्र तल पर फैले सैकड़ों-हजारों टन परमाणु कचरे के धीमे क्षय की तरह, समुद्री जीवों के शरीर में लिखी गई मानव उद्योग की जहरीली विरासतें याद दिलाती हैं कि गहराई भूलने की जगह नहीं है कि जहां कुछ भी डाल दो और भूल जाओ।

यह मान लेना आसान है कि हमारा ग्रह केवल स्थलीय वातावरण द्वारा परिभाषित है, वास्तव में विपरीत सच है। समुद्र में परमाणु कचरे की डंपिंग लापरवाही और लालच की एक बहुत बड़ी कहानी का सिर्फ एक हिस्सा है। प्लास्टिक और अन्य वस्तुओं के रूप में भी मानव अपशिष्ट गहरे समुद्र में हर जगह है। सबसे अधिक परेशान करने वाली बात समुद्र की गहराई में माइक्रोप्लास्टिक का बढ़ता संचय है। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हर साल लगभग 300 मिलियन टन प्लास्टिक का निर्माण होता है, इसमें से लगभग 14 मिलियन टन प्लास्टिक कचरे के रूप में हर साल समंदर में फेंक दिया जाता है।

समुद्र में परमाणु कचरे की डंपिंग लापरवाही और लालच की एक बहुत बड़ी कहानी का सिर्फ एक हिस्सा है। प्लास्टिक और अन्य वस्तुओं के रूप में भी मानव अपशिष्ट गहरे समुद्र में हर जगह है। खेल बैग, पुतले, समुद्र तट की गेंदें और बच्चों की बोतलें कई हजारों मीटर की गहराई तक समुद्र तल पर फैली हुई हैं। कुछ क्षेत्रों में ऐसी वस्तुओं की संख्या 300 वर्ग किलोमीटर से भी अधिक है। जब खोजकर्ता विक्टर वेस्कोवो 2019 में मारियाना ट्रेंच के निचले भाग पर पहुंचे, तो उन्हें न केवल एम्फिपोड्स की पहले से अज्ञात प्रजातियों का सामना करना पड़ा, बल्कि उन्हें प्लास्टिक बैग और मीठे रैपर भी मिले। सबसे अधिक परेशान करने वाली बात समुद्र की गहराई में माइक्रोप्लास्टिक का बढ़ता संचय है।

समुद्र की ऊपरी परतों में माइक्रोप्लास्टिक ने खाद्य श्रृंखला पर आक्रमण किया है। जैसे-जैसे कोई शिकार की परतों के माध्यम से ऊपर की ओर बढ़ता है, उच्च और उच्चतर सांद्रता में एकत्रित होता जाता है। व्हेल और पक्षी जैसे जानवर बड़ी मात्रा में माइक्रोप्लास्टिक का उपभोग कर रहे हैं, जिससे कुपोषण हो रहा है और उन जीवों के कई अंगों को नुकसान हो रहा है। विश्व आर्थिक मंच द्वारा उजागर किए गए एक अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण 2050 तक चौगुना हो सकता है, जबकि माइक्रोप्लास्टिक्स संभावित रूप से 2100 तक पचास गुना बढ़ सकता है। यह समुद्री जैव विविधता के लिए खतरा तो है ही, कुछ प्रजातियों को विलुप्त होने के कगार पर पहुंचा सकता है।

# यह कैसा राम राज

//रघु ठाकुर//

**22 जनवरी 2024 को राम मंदिर अयोध्या में, राम लला की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के बाद, प्रधानमंत्री जी खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं। वैसे यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि इस विशाल और व्यापक आयोजन से उनका जनाधार बढ़ा है तथा वे हिंदू मानस के सर्वप्रिय नेता बन गए हैं। यहां तक की हिंदू धर्म गुरु, शंकराचार्य और हिंदू राष्ट्र के निर्माण के थोक बंद ठेकेदार डॉक्टर मोहन भागवत जी, श्री नरेंद्र मोदी जी की आभा के समक्ष पीछे नजर आ रहे हैं। 4 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री जी गुवाहाटी के दौरे पर थे। और वहां उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 'आजादी के बाद सत्ता में रहे लोग पूजा स्थलों के महत्व को नहीं समझ सके। उन्होंने राजनीतिक कारणों से अपनी ही संस्कृति पर शर्मिंदा होने का चलन स्थापित किया। जबकि विकास और विरासत हमारी नीति है कामाख्या दिव्य लोक परियोजना का शिलान्यास करते हुए उन्होंने कहा तीर्थ मंदिर सभ्यता की यात्रा की निशानियां है। हमारे तीर्थ मंदिर सिर्फ दर्शन करने की स्थली नहीं है यह हमारी सभ्यता की अमिट निशानियां है।**

भारत ने हर संकट का सामना करते हुए कैसे उसको अटल रखा है यह उसकी साक्षी है। कोई भी देश अपने अतीत को भुलाकर या मिटाकर विकसित नहीं हो सकता। मुझे संतोष है कि पिछले 10 वर्षों में हालात बदल गये है '। उनकी आखिरी पंक्ति पर तो कुछ कहने की जरूरत नहीं है क्योंकि देश में जो कुछ अच्छा हुआ है वह उनके 10 वर्षों के कार्यकाल में हुआ है और जो कुछ खराब हुआ है वह उनके आने के पूर्व का है,यह कहना उनके प्रारंभिक व स्थाई शगल है। एक प्रकार से वे अपने आपको श्श्न भूतों न भविष्यती सिद्ध करते रहते हैं। उनकी आत्म प्रशंसा करने पर मुझे कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि यह व्यक्ति का स्वभाव होता है। विशेषता जिन सज्जनों में योग्यता कम होती है वे दिखावे ज्यादा करते हैं। हमारी पुरानी कहावत है 'अध जल भरी' गगरिया छलकत जाए्य। पर मूल प्रश्न जिस पर विचार जरूरी है कि संस्कृति पर शर्मिंदगी का चलन देश में कब था। जहां तक मंदिरों का प्रश्न है, तो जो प्राण प्रतिष्ठा को देवरूप मानने वाले थे, वे मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना करते थे, पर देश में एक ऐसा भी हिंदू समाज या कहें तो हिंदू मानस के विचारकों व धर्म गुरुओं का हिमायती रहा है, जिसने मंदिर व पूजा की परंपरा को स्वीकार नहीं किया। चावार्क ने पाषाण पूजा को स्वीकार नहीं किया तो क्या चावार्क हिंदू नहीं थे। स्वामी दयानंद सरस्वती ने कहा कि, पत्थर की प्रतिमा में शिव नहीं है तो क्या वे हिंदू नहीं थे। मंदिरों की पुर्नस्थापना तो पहले भी हुई है। क्या स्वर्गीय वल्लभभाई पटेल प्रथम गृहमंत्री भारत सरकार ने सोमनाथ के मंदिर का पुनर्निर्माण नहीं कराया थो। हां उसमें स्वर्ण छड़ी से प्राण प्रतिष्ठा कराई गई थी कि नही यह में पक्के तौर पर नहीं कह सकता। जहां तक मुझे स्मरण है कि, मंदिर के पुनर्निर्माण के बाद प्रतिमा स्थापना तो हुई थी परंतु प्राण प्रतिष्ठा नहीं हुई। स्वर्गीय वल्लभभाई पटेल ने तो यह कार्य 1950 के दशक में कराया था तो क्या यह संस्कृति पर शर्मिंदगी का चलना माना जाएगा।

स्वर्गीय वल्लभभाई पटेल ने, यह पुनर्निमाण, सार्वजनिक रूप से तथा उसके लिए जन सहयोग से कराया था। उसमें, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की सलाह पर सरकारी खजाने के धन का इस्तेमाल नहीं किया गया था। क्योंकि, एक धर्मनिरपेक्ष देश में मंदिरों, मस्जिदों, गिरजागरों का निर्माण कराना सरकार का कर्तव्य नहीं है। इनका निर्माण तो उनके मानने वालों के द्वारा ही होना चाहिए। हालांकि श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार तो सब जगह मंदिरों के पुनर्निमाण या विकास के नाम पर या लोक के निर्माण के नाम पर शासन का पैसा लगा रही हैं।

क्या किसी मस्जिद, गुरुद्वारे या गिरजाघर के पुनर्निर्माण का काम सरकारी खजाने से हो सका है या होना चाहिए। फिर संस्कृति क्या है। यह भी एक विचार का बिंदु है। संस्कृति का मतलब क्या केवल मंदिर या धार्मिक स्थलों,पूजा स्थलों तक ही सीमित है। आजकल लोग सनातन की बहुत चर्चा कर रहे हैं तो सनातन क्या है। क्या वैदिक काल को सनातन का हिस्सा नहीं माना जाएगा। पर वैदिक काल में यज्ञों व हवन का तो जिक्र मिलता है पर मंदिरों का नहीं मिलता। तो क्या यह माना जाए की वैदिक कालीन लोगों को भारतीय संस्कृति की जानकारी नहीं थी। या फिर उन्हें संस्कृति पर शर्मिंदिगी होती थी।

भारत की संरचना में छँटवी शताब्दी के पूर्व की व बाद की स्थिति में फर्क है। इस्लाम के उदय के पूर्व भारत आज के राजनीतिक भूभाग मात्र में सीमित नहीं था वरन कंधार तक फैला था। उस भारत में लगभग एक ही धर्म व परंपराएं प्रचलित थी, पर इस्लाम के उदय के बाद भारत की धार्मिक सीमाएं और फिर कालांतर में राजनीतिक सीमाएं सिकुडने लगी। लगभग सातवीं शताब्दी से ही मुगल आक्रमण भारतीय सीमाओं में शुरू हो गए, पहले सिंध व पंजाब में और फिर दिल्ली व समूचे भारत में। जिन लोगों ने इस्लाम कबूल किया और मुसलमान बने, वे उसके पूर्व क्या थे। क्या वे बुद्ध नहीं थे। तो बौद्ध मंदिर भी तो भारतीय संस्कृति की धार्मिक परंपराओं का हिस्सा हुआ। पर संघ के विचार में बौद्ध या सिख या जैन यह क्या भारतीय संस्कृति या धार्मिक इतिहास का हिस्सा माने जाते है। या क्या संघ एक योजना के तहत सभी गैर हिंदू धर्म परंपरा वालों को उनके धार्मिक स्थलों को, मिटाने की योजना रखता है। फिर एक प्रश्न यह भी है, कि संस्कृति क्या है। क्या संस्कृति केवल मंदिरों मठों या धार्मिक स्थलों में है। क्या संस्कृति व इतिहास एक है। इन प्रश्नों पर गहन विचार की आवश्यकता है। फिर संस्कृति व सभ्यता क्या एक है। इस पर भी विचार करना होगा। दरअसल इतिहास संस्कृति और सभ्यता तीनों में समय क्रम एक हो सकता है परंतु भिन्नता भी है। इतिहास उन सारी घटनाओं का संकलन है जो अच्छी या बुरी सही या गलत जब जैसी घटी उनका संग्रह व वर्णन है। संस्कृति वे अच्छे सामयिक जीवन मूल्य है या परंपराएं , जो समाज के लिए दीर्घकालिक लक्ष्य हो सकते हैं, मसलन भारत की जाति प्रथा यह संस्कृति या सभ्यता नहीं कहीं जा सकती। परंतु इतिहास का हिस्सा रहेगी और उसके अच्छे बुरे प्रभावों का विश्लेषण होता रहेगा। सभी जीवों या वस्तुओं में जीवन है और इसलिए उसकी रक्षा की जानी चाहिए। वायु, जल, प्रकृति,मानव यह सभी एक ही रूप के कई हिस्से हैं।

यह एक सांस्कृतिक दृष्टिकोण है जो शाश्वत जीवन मूल प्रस्तुत करता है। भारत के इतिहास में दो प्रकार के कालखंड है एक राजा भरत का कालखंड है, जहाँ उनके राज्य के भूभाग का फैलाव भी बहुत व्यापक था और आज के अफगानिस्तान तक या कुछ आगे तक वह भूभाग रहा होगा। हालांकि उस समय की आबादी भी शायद हजारों या लाखों में ही रही होगी और वह कालखंड भी राजतंत्र का है। राजा अच्छा या बुरा होगा यह व्यक्ति पर निर्भर है परंतु लोकतंत्र में शासन अच्छा होगा या बुरा होगा यह जनमत पर निर्भर होगा। भारत का दूसरा कालखंड विभाजित रजवाड़ों का है, जिसमें मोटा-मोटी तौर पर एक धार्मिक या जातीय वर्चस्व का प्रभाव तो था पर राजा अनेक थे एक नहीं। लगभग 475- 500 छोटे-छोटे राजतंत्र में वह प्राचीन भारत बंट चुका था और इनमें भी आदिवासी अंचलों के छोटे-छोटे राज्य थे, राजा थे वे अलग ही हैं। दरअसल 475- 500 रजवाड़ों की संख्या या गिनती आजादी के समय हुई, जब भारत आजाद हुआ और सरदार वल्लभ भाई पटेल ने उन्हें भारतीय राज्य में विलय कराया। परंतु ये वह राजवाड़े थे जो भारतीय गणतंत्र में शामिल होने के लिए आमतौर पर अनिच्छुक थे या लाचार हुए। परंतु आदिवासी अंचलों के जो राजवाड़े थे और उनमें भी विशेषतरू जो आदिवासी राजा थे उन्होंने बाहर से अलग रहने के बारे में कभी नहीं सोचा और उनके विलय के लिए तत्कालीन भारत सरकार को या सरदार पटेल को कोई प्रयास नहीं करना पड़े। जिन आदिवासी अंचलों में गैर आदिवासी राजा थे वह अवश्य अपने रजवाड़े को भारतीय राज्यों में विलय करने के मन से इच्छुक नहीं थे। याने एक अर्थ में आदिवासी और उनके आदिवासी राजा अधिक राष्ट्रीयता के पोषक थे। जबकि उनकी परंपराओं में सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक सभी, देश के अन्य राजाओं व रजवाड़ों से अलग थी। उनके ईश्वर के रूप में वे बूढ़ा देव को मानते हैं और इस बूढ़ा देव के रूप में किसी वृक्ष या पत्थर को मानते हैं। बूढ़ा देव से तात्पर्य होता है सबसे प्राचीन यानी उनका सनातन बूढ़ा देव है, परंतु आर्य सभ्यता से प्रभावित या उसके मानने वालों की परंपराएं अलग रही हैं। आरंभिक काल में वे अग्नि को देवता मानते थे और पूजा करते थे। शायद इसका कारण यह रहा होगा कि जिस अंचल में उनका जन्म हुआ वह बर्फीला व सर्दी वाला क्षेत्र रहा होगा और इसलिए उन्हें अग्नि ही सर्वोपरीय थी। बाद के काल में भारतीय समाज के बड़े हिस्से ने राम,कृष्ण,शिव को अपना भगवान माना और विभिन्न व्याख्याएं की। इस्लाम के अनुयायियों ने मूर्ति पूजा को स्वीकार नहीं किया और वह एक अल्लाह को मानते रहे। ईसाई, ईसा मसीह के अनुयायी हैं जिनकी प्रतिमाएं हैं। बौद्ध व जैन भी प्रतिमा पूजक है, परंतु सिख पंथ व्यक्ति के बजाय गुरु ग्रंथ साहिब की ही पूजा करता है। यह सब अपने अपने कालखंड और मान्य लोगों के चिंतन व कार्य के परिणाम है। जिनके बारे में अच्छे बुरे सही या गलत की बहस हो सकती है। सभ्यता से तात्पर्य मानव जीवन के विकास की कहानी है कि, किस प्रकार मानव अपनी उत्पत्ति से लेकर आज तक पहुंचा है।

## तस्वीरों की दुनिया



मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद के टैंक बॉन्ड में डॉ. बीआर अंबेडकर की 133वीं जयंती के अवसर पर अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जलपाईगुड़ी में बंगाली नववर्ष समारोह के दौरान एक जुलूस में हिस्सा लिया।



नागपुर में बीआर अंबेडकर की जयंती के अवसर पर दीक्षाभूमि की यात्रा के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उधम सिंह नगर जिले में लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा नेता और नैनीताल लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार के समर्थन में खटीमा में एक चुनाव प्रचार रोड शो के दौरान।



जमुई में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा और एलजेपी (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान के साथ।



जालोर में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी।

# जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री से बात की, 17 भारतीयों की रिहाई पर हुई चर्चा



**नईदिल्ली, 15 अप्रैल [एजेंसी]।**

भारत ने रविवार को इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव पर गंभीर चिंता व्यक्त की और दोनों देशों से संयम बरतने व हिंसा से पीछे हटने का आह्वान किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को ईरान के विदेश मंत्री एच. अमीराब्दोल्लाहियन से फोन पर बात की।उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के विदेश मंत्री एच. अमीराब्दोल्लाहियन से आज शाम बात की। एमएससी एरीज के 17 भारतीय चालक दल के सदस्यों की रिहाई पर चर्चा की। क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर भी बात हुई। इस दौरान इस बात पर जोर दिया कि दोनों देश तनाव बढ़ाने से बचें, संयम बरतें और कूटनीति की ओर लौटें। देर रात विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष हुसैन आमिर अब्दुल्लाहियान और इजरायली विदेश मंत्री काट्ज से बात भी की। फोन पर बातचीत के दौरान जयशंकर ने दोनों देशों से तनाव बढ़ाने से बचने, संयम बरतने और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया।जयशंकर ने ईरानी समकक्ष के समक्ष पुर्तगाली ध्वज वाले मालवाहक जहाज पर सवार 17 भारतीय नागरिकों का भी मुद्दा उठाया और उनकी रिहाई की मांग की। दोनों देशों में बढ़ते तनाव को देखते हुए सिर्फ कूटनीतिक असर को लेकर ही भारत चिंतित नहीं है बल्कि इसके आर्थिक प्रभाव को लेकर भी चिंतित है। रेड सी में पहले से ही स्थिति खराब है जिसकी वजह से भारत के लिए आयात-निर्यात की लागत बढ़ गई है। यह समस्या और गंभीर हो सकती है। दूसरा असर कच्चे तेल की आपूर्ति व कीमतों पर पड़ने की संभावना है। इससे भारतीय शेयर बाजार में लगातार तेजी के माहौल पर भी उल्टा असर संभव है। 15 अप्रैल से शुरू हो रहे सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार का प्रदर्शन बहुत हद तक इस बात से तय होगा कि खाड़ी क्षेत्र से इजरायल-ईरान विवाद को लेकर क्या सूचनाएं आती हैं। साथ ही हालात बिगड़ते हैं तो खाड़ी क्षेत्र में काम करने वालों लाखों भारतीयों के जीवकोपार्जन पर भी असर संभव है। यही वजह है कि भारत ने इन दोनों देशों के बीच मौजूदा तनाव के शीघ्र खत्म होने की बात की है।भारतीय विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया, ईरान और इजरायल के बीच युद्ध के हालात बिगड़ने से हम गंभीर तौर पर चिंतित हैं। इससे पूरे क्षेत्र में शांति व स्थिरता के लिए खतरा हो गया है।

हम तनाव को शीघ्रता से कम करने, संयम बनाकर रखने, हिंसा को छोड़ने और कूटनीति की राह अपनाने की अपील करते हैं। हम पूरी स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। उस क्षेत्र में हमारे दूतावास भारतीय समुदाय से लगातार संपर्क बना कर रखे हुए हैं। यह बहुत ही जरूरी है कि इस क्षेत्र में सुरक्षा व स्थिरता को बना कर रखा जाए। विदेश मंत्रालय के इस बयान के कुछ घंटे बाद तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर स्थापित कर दिया है। इसके जरिये भारतीय नागरिकों को समय पर मदद पहुंचाने की कोशिश होगी। अगर इजरायल की तरफ से भी कार्रवाई होती है और युद्ध की स्थिति बनती है तो संभव है कि ईरान से भारतीयों को बाहर निकालने का भी काम करना पड़े।उधर, नई दिल्ली में इजरायल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा है कि ईरान आतंकी संगठन हमास की वित्तीय मदद करता है और अब उसने हमास के समर्थन में इजरायल पर सीधा हमला कर दिया है।

# लोकसभा चुनाव 'मनुवादी' विचारधारा के खिलाफ लड़ाई नागपुर में सत्ता पक्ष पर जमकर बरसे मल्लिकार्जुन खरगे



**नागपुर, 15 अप्रैल [एजेंसी]।**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नहीं बल्कि सत्तारूढ़ सरकार की ''मनुवादी'' विचारधारा के खिलाफ लड़ाई है। नागपुर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री और भाजपा के कद्दावर नेता नितिन गडकरी के खिलाफ कांग्रेस उम्मीदवार विकास ठाकरे के लिए एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि कांग्रेस बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान को बचाने के लिए लड़ रही है, जो 140 करोड़ भारतीयों के अधिकारों की रक्षा करता है। खरगे ने कहा, ''ठाकरे कोई नामी गिरामी उम्मीदवार नहीं, बल्कि जमीनी स्तर के कार्यकर्ता हैं। उन्हें मनुवादी विचारधारा को हराने के लिए चुना गया है। 2024 का लोकसभा चुनाव मोदी या गडकरी के खिलाफ नहीं बल्कि मनुवादी विचारधारा के खिलाफ लड़ाई है।''खरगे ने दावा किया कि अगर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस)-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत होती है, तो आगे कोई चुनाव नहीं होगा और वे संविधान को खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस ने देश की आजादी के लिए काम किया लेकिन अब मोदी पूछते हैं कि पार्टी ने पिछले 70 वर्षों में क्या किया है।''खरगे ने आरोप लगाया, ''आरएसएस ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कुछ नहीं किया, लेकिन अब वे राम मंदिर और बाबासाहेब आंबेडकर के नाम पर वोट मांगने आते हैं।

आंबेडकर की एक तस्वीर तो छोड़िए, इन लोगों ने अपने कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज भी नहीं रखा।''उन्होंने कहा कि युवा इन संगठनों का इतिहास नहीं जानते हैं और मोदी के 'झूठ' से गुमराह हैं। खरगे ने कहा कि मोदी के कार्यकाल में देश की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) 5-6 फीसदी की दर से बढ़ रही है, जबकि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन के दौरान यह 8-9 फीसदी थी।कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''मोदी विपक्ष को भ्रष्ट कहते हैं लेकिन उनकी पार्टी दागी नेताओं को शामिल करती है। भाजपा एक ऐसी लॉन्ड्री है जहां भ्रष्टों को मोदी शामिल करते हैं, अमित शाह उन्हें धोने के लिए डालते हैं और गडकरी उन्हें क्लीन चिट देते हैं।''उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू और डॉ. आंबेडकर के प्रयासों से संविधान बनने के बाद लोगों को वोट देने का अधिकार मिला।

# कांग्रेस पर धोखेबाजी का आरोप लगा पूर्व पीसीएस अधिकारी ने फिर मांगी नौकरी, कहा - कमल नाथ ने मुझे धोखा दिया



**छिंदवाड़ा, 15 अप्रैल [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के पहले डिप्टी कलेक्टर की नौकरी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुईं निशा बांगरे ने पार्टी छोड़ दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को लिखे त्यागपत्र में निशा ने कांग्रेस पर षड्यंत्र कर विधानसभा चुनाव लड़ने से रोकने और वादाखिलाफी कर लोकसभा का टिकट भी न देने का आरोप लगाया। मध्य प्रदेश कांग्रेस ने निशा बांगरे को सभी दायित्वों से मुक्त कर दिया है। कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद निशा बांगरे ने रविवार को मीडिया से चर्चा में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने टिकट देने की बात कही थी। जब टिकट ही नहीं देना था तो फिर मुझसे इस्तीफा क्यों दिलवाया। पहले विधानसभा चुनाव में टिकट का वादा किया था और बाद में लोकसभा चुनाव में टिकट देने की बात कही।

निशा बांगरे ने राज्य प्रशासनिक सेवा से अपना त्यागपत्र मंजूर कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक का दरवाजा खटखटाया था। त्यागपत्र तो स्वीकार हो गया, लेकिन टिकट नहीं मिला। निशा ने आरोप लगाया कि टिकट न देकर कमल नाथ ने एक महिला और दलित समाज का अपमान भी किया है। कांग्रेस के लोग बाबा साहेब आंबेडकर का भी अपमान कर चुके हैं। अब मैंने प्रण लिया है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को हरवाने का काम करूंगी।भाजपा में शामिल होने के सवाल पर निशा ने कहा कि अभी तो सेवा में वापसी का आवेदन दिया है। अब सरकार तय करे कि क्या करना है।

## भूकंप के तेज झटकों से कांपी पापुआ न्यू गिनी की धरती, रिक्टर स्केल पर 6.2 मापी गई तीव्रता




**पापुआ न्यू गिनी, 15 अप्रैल [एजेंसी]।**

पापुआ न्यू गिनी में सोमवार रात को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार सोमवार को पापुआ न्यू गिनी में न्यू ब्रिटेन क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) बताया कि कि रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार भूकंप से किसी जान माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं आई है।

# और बढ़ा भाजपा का कुनबा! पद्मभूषण विश्व मोहन भट्ट और गुलाबो सहित 8 पद्मश्री अवार्डी बीजेपी में शामिल



**जयपुर, 15 अप्रैल [एजेंसी]।**

राजस्थान में विभिन्न साहित्यकार, कलाकार और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भाजपा में शामिल हुए हैं। पद्मभूषण पंडित विश्व मोहन भट्ट (ग्रैमी अवार्ड विजेता),पद्मश्री गुलाबो सपेरा (कालबेलिया डांसर), पद्मश्री तिलक गिताई (चित्रकार और शिल्पकार), पद्मश्री शाकिर अली (लघु चित्रकला शैली के कलाकार), पद्मश्री उस्ताद अहमद (प्रसिद्ध गजल गायक), पद्मश्री पंडित स्व. लक्ष्मण भट्ट तैलंग की बेटी डॉ मधु भट्ट तैलंग (ध्रुपद गायिका), पद्मश्री मुन्ना शास्त्री (भजन गायक), पद्मश्री राम किशोर डेरेवाला (बगरू प्रिंटिंग के लिए फेमस), गोपाल सैनी (शिल्पगुरू) एवं मोहन लाल सोनी (शिल्पगुरू) रविवार को भाजपा में शामिल हुए हैं। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी और चुनाव प्रबंध कमेटी के ओंकार सिंह लखावत ने इन सभी को दुपट्टा पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई।

इस मौके पर विश्व मोहन भट्ट ने कहा, हम सभी कलाकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सांस्कृतिक और राष्ट्रवाद की विचारधारा देखकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। हम यहां चुनाव लड़ने के लिए नहीं आए हैं। हम चाहते हैं कि साल 2047 तक भारत विकसित देश बने। गुलाबो ने कहा, मोदी सरकार ने महिलाओं और बेटियों को सम्मान दिया है। इस मौके पर सेवानिवृत आइपीएस अधिकारी रूपसिंह मीणा, राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व सचिव सुभाष जोशी, भूपेश सिंह, अजय सिंघल, शिवराज सिंह, नरेन्द्र शर्मा, रूपेश कांत व्यास सहित एक दर्जन अन्य लोग भाजपा में शामिल हुए हैं।

1. पद्मभूषण पंडित विश्व मोहन भट्ट (ग्रैमी अवार्ड विजेता)2. पद्मश्री गुलाबो सपेरा (कालबेलिया डांसर)3. पद्मश्री तिलक गिताई (चित्रकार और शिल्पकार)4. पद्मश्री शाकिर अली (लघु चित्रकला शैली के कलाकार)5. पद्मश्री उस्ताद अहमद (प्रसिद्ध गजल गायक)6. पद्मश्री उस्ताद मोहम्मद (प्रसिद्ध गजल गायक)7. पद्मश्री पंडित स्व. लक्ष्मण भट्ट तैलंग की बेटी डॉ मधु भट्ट तैलंग (ध्रुपद गायिका)8. पद्मश्री मुन्ना शास्त्री (भजन गायक)9. पद्मश्री राम किशोर डेरेवाला (बगरू प्रिंटिंग के लिए फेमस)10. गोपाल सैनी (शिल्पगुरू)11. मोहन लाल सोनी (शिल्पगुरू)

# अब इस राज्य में पशुओं के लिए भी जल्द शुरू होगी एंबुलेंस सेवा, होंगे ये फायदे, जारी किया जाएगा टोल फ्री नंबर



**धनबाद, 15 अप्रैल [एजेंसी]।**

जख्मी व बीमार पशुओं को पशु अस्पताल तक ले जाना लोगों के लिए चुनौती का काम होता है, लेकिन अब यह काम आसान होने वाला है। दरअसल, जिले में अब पशुओं के लिए भी एंबुलेंस सेवा शुरू होने जा रही है। इसे लेकर झारखंड स्टेट इंप्लीमेंटिंग एजेंसी फॉर कैटल एंड बफैलो डेवलपमेंट, रांची और ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के बीच समझौता हुआ है। इसके तहत पूरे राज्य में 236 पशु एंबुलेंस चलाए जाएंगे। धनबाद को नौ एंबुलेंस दिए जा रहे हैं, जिस तरह आम मरीजों के लिए 108 टोल फ्री नंबर पर एंबुलेंस उपलब्ध होता है। ठीक उसी तरह सरकार इसके लिए टोल फ्री नंबर जारी करेगी। इस नंबर पर कॉल करते ही एंबुलेंस मिल जाएगी। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. आलोक सिन्हा ने बताया कि विभाग में इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। झारखंड में फिलहाल आम मरीजों को एंबुलेंस की सेवा ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के माध्यम से प्रदान की जाती है। अब पशु एंबुलेंस सेवा की जिम्मेदारी भी इसी एजेंसी को मिली है।

विभाग की मानें तो राज्य में प्रत्येक वर्ष 44 करोड रुपये पशु एंबुलेंस पर खर्च होंगे। इसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र व 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार वहन करेगी। इसके लिए प्रशिक्षित कर्मी, चालक समेत अन्य की बहाली संबंधित एजेंसी करेगी। बहाली की प्रक्रिया भी शुरू हो रही है।

धनबाद की सड़कों पर आए दिन लावारिस पशु मिलते हैं। स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा इन्हें पशु अस्पताल तक पहुंचाना चुनौती का काम होता है। एंबुलेंस के मिल जाने से इन्हें भी काफी सुविधा होगी। अस्पताल में पशु के इलाज के लिए तमाम उपकरण और दवाओं की व्यवस्था की जा रही है।पशु एंबुलेंस चलने से काफी राहत मिलेगी। अस्पताल को विकसित किया जा रहा है। चिकित्सक के साथ प्रशिक्षित कर्मचारी भी अस्पताल में तैनात है। पशुओं के इलाज की तमाम व्यवस्था अस्पताल में की गई है। एंबुलेंस सेवा जल्द ही शुरू हो जाएगी।

# ईरान-इजरायल में सीधा टकराव न होने के आसार रूस, चीन, फ्रांस, जर्मनी की संयम बरतने की अपील

**यरूशलम, 15 अप्रैल [एजेंसी]।**

इजरायल पर ईरान के हमले के बाद उपजी स्थिति में फिलहाल नहीं लग रहा कि दोनों देशों के बीच सीधा टकराव होगा। इजरायल के वार कैबिनेट के सदस्य बेनी गेंट्ज ने कहा है कि ईरान के हमले का इजरायल उचित समय पर सही जवाब देगा। गेंट्ज वार कैबिनेट में शामिल विपक्षी नेता हैं। वह इजरायल के प्रधानमंत्री भी रह चुके हैं। इजरायल सरकार ने कहा है कि उसका अभियान अभी पूरा नहीं हुआ है। लेकिन इजरायली प्रधानमंत्री से टेलीफोन वार्ता में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने साफ कर दिया है कि ईरान पर हमले में उनकी सेना इजरायल का साथ नहीं देगी। अमेरिका ईरान के साथ युद्ध नहीं चाहता है। जबकि ईरान ने कहा है कि भविष्य की इजरायल की कार्रवाइयों का उसे और ज्यादा करारा जवाब मिलेगा। यमन के हूती विद्रोहियों ने कहा है कि इजरायल पर ईरान का हमला उचित था। गाजा पट्टी में छह महीने से जारी युद्ध के बीच अमेरिका नहीं चाहता है कि इजरायल किसी अन्य देश के साथ सीधे युद्ध में फंसे।

इसलिए वह शुरू से ही ईरान और इजरायल के टकराव को टालने की कोशिश में लगा हुआ है।रविवार को भी अमेरिका की भूमिका इजरायल के बचाव की रही, ईरान पर जवाबी हमले के बारे में अमेरिका ने एक भी शब्द नहीं कहा है। रूस, चीन, फ्रांस, तुर्किये, मिस्त्र, यूएई, कतर के साथ ही जर्मनी के चांसलर ओलफ शुल्ज ने दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। कहा कि हम सभी को कोई ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिए जिससे क्षेत्र में तनाव बढ़े। शुल्ज ने यह बात चीन में कही है।ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने ईरान के हमले की निंदा की है।

## आईएनडीआईए को गठबंधन कैसे कहा जा सकता है, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का हमला, बोले- ये टुकड़े टुकड़े गैंग...

**नईदिल्ली, 15 अप्रैल [एजेंसी]।**

केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने रविवार को आईएनडीआईए पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इसे गठबंधन कैसे कहा जा सकता है, जब घटक दल अपना अलग-अलग चुनावी घोषणापत्र जारी कर रहे हैं। उन्होंने एक बयान में आरोप लगाया कि इस समूह में टुकड़े-टुकड़े गैंग के सदस्य शामिल हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा, दिल्ली के मुख्यमंत्री (अरविंद केजरीवाल) जेल में हैं और उनकी पत्नी ने किसी से विचार-विमर्श किए बिना विपक्षी दलों की एक रैली में छह गारंटी की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी गठबंधन से अलग लड़ रही हैं और अपना अलग घोषणापत्र जारी किया है। तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव ने भी ऐसा ही किया है। फिर इसे गठबंधन कैसे कहा जा सकता है। यह देश को गुमराह करने की राजनीति के अलावा कुछ नहीं है। ठाकुर ने दावा किया कि लोगों का भरोसा केवल भाजपा की प्रतिबद्धताओं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर है। उन्होंने भाजपा के घोषणापत्र को ऐतिहासिक करार देते हुए इसकी सराहना की और कहा कि यह भविष्य के भारत की नींव रखेगा।

# भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा हो रही है प्रभावित बीएसएफ की आधी से ज्यादा कंपनियां चुनाव ड्यूटी पर तैनात

**कोलकाता, 15 अप्रैल [एजेंसी]।**

बंगाल समेत पूर्वोत्तर राज्यों से बांग्लादेश के साथ लगने वाली 4,096 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा सुरक्षा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील है, जिसके जरिए घुसपैठ व तस्करी एक बड़ी समस्या रही है। इन सीमा के बड़े इलाकों में तारबंदी भी नहीं है। इन सबके बीच हर बार विभिन्न राज्यों में विधानसभा और देश में लोकसभा चुनाव के समय सीमा से बड़ी संख्या में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को हटाकर चुनावी ड्यूटी में भेज दिया जाता है, जिससे अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा प्रभावित हो रही है।

इस बार लोकसभा चुनाव की बात करें तो बीएसएफ के पूर्वी कमान के अधीन इस सीमा पर तैनात 602 कंपनियों में से 395 कंपनियों यानी आधे से भी ज्यादा जवानों को बार्डर से हटाकर चुनाव के लिए भेजा जा चुका है। बीएसएफ की एक कंपनी में अधिकारियों समेत जवानों की कुल संख्या करीब 100 होती है। पूर्वी कमान से इतनी बड़ी संख्या में बीएसएफ कंपनियों के जाने का सीधा असर सीमा प्रबंधन पर पड़ रहा है। कोलकाता में बीएसएफ के पूर्वी कमान मुख्यालय के एक उच्च पदस्थ सूत्र ने इसपर चिंता जताते हुए बताया कि केंद्र सरकार के निर्देश पर उनकी 60 से 65 प्रतिशत कंपनियां इस समय चुनावी ड्यूटी पर हैं, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से करीब डेढ़ माह पहले ही भेजा जा चुका है।ये सभी कंपनियां अब चुनाव संपन्न होने के बाद ही लौटेंगी। बीएसएफ अधिकारी ने बताया कि जब भी देश में कहीं चुनाव होता है और जवानों को बार्डर से हटाकर चुनावी ड्यूटी में भेजा जाता है तो उस समय सीमा पर तस्करी, घुसपैठ सहित अन्य गैरकानूनी गतिविधियां बढ़ जाती है। अपराधी और राष्ट्र विरोधी तत्व इस मौके का फायदा उठाने की ताक में रहते हैं।

# मोदी ने कांग्रेस को बताया टुकड़े-टुकड़े गिरोह का सुल्तान बोले- कर्नाटक से देशभर में भेजा जा रहा करोड़ों का काला धन



**मैसुर, 15 अप्रैल [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस को टुकड़े-टुकड़े गिरोह का सुल्तान करार दिया है। उन्होंने विपक्षी दल के घातक इरादों की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह देश को बांटना, तोड़ना और कमजोर करना चाहती है। कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस पर सबसे कड़ा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस को चुनाव में मदद करने के लिए सैकड़ों करोड़ काला धन कर्नाटक से देश भर में भेजा जा रहा है। कांग्रेस शासन का यही मॉडल है। पार्टी की इसी लूट के कारण राज्य का सरकारी खजाना खाली है। विकास और कल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी गई हैं। भाजपा और जद एस के मैसुरु, चामराजानगर, मांड्या और हासन लोकसभा सीटों के उम्मीदवारों के समर्थन में महाराजा कॉलेज मैदान में आयोजित विशाल रैली में मोदी ने कहा कि यह वह भूमि है जहां माताएं बच्चों को सशस्त्र सेनाओं की सेवाओं के लिए भेजने का सपना देखती हैं, जबकि दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी टुकड़े-टुकड़े गिरोह की सुल्तान बनती जा रही है। कांग्रेस के घातक इरादों के बावजूद देश वैसा ही है।कांग्रेस ने देश से नफरत करने की सभी हदें पार कर दी हैं।

कर्नाटक के लोग इस बात के साक्षी हैं कि जो लोग भारत के खिलाफ बोलते हैं, कांग्रेस उन्हें टिकट दे देती है। हाल ही में आप लोगों ने कांग्रेस की चुनावी रैली में देखा होगा कि भारत माता की जय बोलने के लिए एक व्यक्ति को मंच पर बैठे नेताओं की अनुमति लेनी पड़ी थी। पहले कांग्रेस ने वंदे मातरम का विरोध किया और अब भारत माता की जय का विरोध कर रही है। यह कांग्रेस के गिरने की हद है।- पीएम मोदी उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सत्ता की खातिर आग से खेल रही है। ऐसे समय में जब वैश्विक पटल पर भारत का कद बढ़ रहा है तो कांग्रेस के नेता विदेश जाकर भारत को नीचा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं।

देश अपने दुश्मनों को करारा जवाब देता है, लेकिन कांग्रेस सेना से सर्जिकल स्ट्राइक के सुबूत मांगती है। देश में तुष्टिकरण का खुला खेल चल रहा है। त्योहारों और उत्सवों को बंद कराने की कोशिशें जारी हैं। अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का कांग्रेस और आईएनडीए के दलों के बायकाट करने पर भी उन्होंने प्रहार करते हुए कहा कि उन्होंने न्योते को ठुकराकर हमारी आस्था का अपमान किया है।पीएम मोदी ने मैसुरु में जद एस के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के साथ मंच साझा किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक में राजग को एचडी देवेगौड़ा, बीएस येदियुरप्पा और एचडी कुमारस्वामी जैसे वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन मिला है। इसके अलावा, मेंगलुरु में एक विशाल रोड शो कर रास्ते भर में एकत्र अपार भीड़ का अभिवादन स्वीकार किया। मोदी-मोदी के नारों के बीच उन्होंने भाजपा के गढ़ में कई किमी लंबी यात्रा निकाली।

## महंगाई, बेरोजगारी और किसान का जिक्र क्यों नहीं बीजेपी के संकल्प पत्र पर झामुमो ने पूछे सवाल



**रांची, 15 अप्रैल [एजेंसी]।**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने भाजपा के संकल्प पत्र पर कड़ा प्रहार किया है। महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने सवाल उठाया कि महंगाई, बेरोजगारी और किसान भाजपा के संकल्प पत्र में कहां हैं। किसान, पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की भी चर्चा नहीं है। सुप्रियों ने पूछा कि भाजपा को बताना चाहिए कि 400 का सिलिंडर 1400 तक कैसे पहुंच गया। गरीबी हटाने की बात करने वाले पीएम मोदी ने यह नहीं बताया कि देश में 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त में अनाज क्यों नहीं दिया जा रहा है। तेल, चावल, गेंहू, सरसों तेल, दाल, प्याज के का जिक्र नहीं है। उद्योगपतियों को लूट की छूट है। सारा संसाधन चुनिंदा कॉरपोरेटर घरानों के लिए है।झामुमो ने भाजपा पर आरोप लगाया कि राष्ट्रपति के हाथ बंधे हैं। मणिपुर जैसी घटना के बाद जनजातीय गौरव की बात करना आदिवासियों का अपमान है। देश में पहले से सभी धर्मों के लिए कानून बना हुआ है। चाहे वह हिंदू मैरिज एक्ट हो या फिर मुस्लिम पसर्नल लॉ। अलग से किसी के लिए कानून लाने की जरूरत नहीं है।उन्होंने कहा कि इस देश में केवल और केवल मुसलमानों को डराने के लिए सीसीए और यूसीसी लाने की बात कही जा रही है।

# एक्सरसाइज करने का सही समय क्या है अध्ययन में हुआ खुलासा

जिस तरह से एक्सरसाइज की सही तकनीक मालूम होना जरूरी है, ठीक उसी तरह समय पर एक्सरसाइज करना भी महत्वपूर्ण है, तभी इससे मनचाहा परिणाम मिल सकता है।हालांकि, बहुत से लोगों के मन में यह उलझन बनी रहती है कि वजन कम करने के लिए एक्सरसाइज करने का सबसे अच्छा समय कौन-सा होता हैहाल ही में एक अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है कि एक्सरसाइज किस समय करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।

कहां किया गया यह अध्ययन

ऑस्ट्रेलिया में सिडनी विश्वविद्यालय में हुए एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि शाम के समय कसरत करना लाभदायक हो सकता है, खासकर मोटापे से ग्रस्त लोगों के लिए।अध्ययन में पाया गया कि जिन अधिक वजन वाले लोगों ने शाम के समय एक्सरसाइज की, उनमें एक्सरसाइज न करने वाले या किसी अन्य समय पर एक्सरसाइज करने वालों की तुलना में हृदय संबंधी समस्याओं या मृत्यु होने की संभावना कम थी।

एक्सरसाइज के समय का स्वास्थ्य पर प्रभाव

इस बात पर लंबे समय से बहस चल रही है कि एक्सरसाइज किस समय करना फायदेमंद होता है, लेकिन यह हमारी सर्कैडियन लय पर निर्भर करता है।सर्कैडियन लय हमारे शरीर की आंतरिक घड़ी होती है, जो हमारे मूड, मेटाबॉलिज्म, शरीर के तापमान और कई अन्य चीजों को नियंत्रित करती है, इसलिए यह संभव है कि एक्सरसाइज का समय हमें इससे मिलने वाले लाभ को प्रभावित कर सकता है।इस वजह से सही समय पर एक्सरसाइज करना महत्वपूर्ण है।

अध्ययन के लिए यूके बायोबैंक के डाटा का किया गया इस्तेमाल-इस अध्ययन के लिए ऑस्ट्रेलियाई अनुसंधान टीम ने यूनाइटेड किंगडम (यूके) बायोबैंक के डाटा का इस्तेमाल किया, जो यूके के निवासियों के स्वास्थ्य की निगरानी करने वाली एक व्यापक परियोजना है।शोधकर्ता टीम ने 40 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 30,000 मोटापे से ग्रस्त के स्वास्थ्य का विश्लेषण किया, जिन्हें पहले कोई हृदय रोग नहीं था।इसके लिए प्रतिभागियों को शाम के समय कुछ एक्सरसाइज करने को कहा गया।

8 वर्षों के अध्ययन के बाद निकाला गया निष्कर्ष

प्रतिभागियों के स्वास्थ्य पर लगभग 8 वर्षों तक निगरानी रखी गई और सामने आया कि शाम के समय एक्सरसाइज करना काफी फायदेमंद है।शोधकर्ताओं के मुताबिक, एचआईएफ-1ए नामक प्रोटीन जो वजन कम करने में मददगार है, वो शाम के समय ज्यादा सक्रिय रहता है।।अध्ययन के परिणाम डायबिटीज केयर जर्नल में प्रकाशित किए गए हैं और लेखकों का मानना है कि उनके निष्कर्ष उन लोगों की मदद कर सकते हैं, जिन्हें मोटापा, हृदय रोग और मधुमेह है।



# नो एंट्री 2 में हुई श्रद्धा, कृति और मानुषी की एंट्री, कॉमेडी का तड़का लगाएंगी अभिनेत्रियां

बोनी कपूर पिछले काफी समय से सुर्खियां बटोर रहे हैं। जब से बोनी ने अपनी फिल्म नो एंट्री के सीक्वल का ऐलान किया है, उनका नाम मीडिया खबरों में बना हुआ है।फिल्म में नजर आने वाले अभिनेताओं के नाम पर निर्माता पहले ही मुहर लगा चुके हैं। हालांकि, फिल्म की अभिनेत्रियों को लेकर अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई थी।अब एक रिपोर्ट में इसमें नजर आने वाली अभिनेत्रियों के नाम का भी खुलासा हो गया है।

बोनी ने पहले ही यह साफ कर दिया है कि नो एंट्री 2 में मुख्य भूमिका में वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ नजर आएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, नो एंट्री 2 में काम करने वाली अभिनेत्रियों का चयन भी हो गया है। कथित तौर पर फिल्म से मानुषी छिल्लर, श्रद्धा कपूर और कृति सैनन के जुड़ने की खबर है।दावा किया जा रहा है कि तीनों अभिनेत्रियां फिल्म में कॉमेडी का तड़का लगाती नजर आएंगी।

सूत्रों ने बताया है कि मानुषी, कृति और श्रद्धा फिल्म में अर्जुन, वरुण और दिलजीत के साथ स्क्रीन साझा करती दिखाई देंगी।बता दें, मानुषी ना केवल कृति और श्रद्धा के साथ पहली बार साथ काम करती दिखाई देंगी, बल्कि वह तीनों अभिनेताओं के साथ भी पहली बार स्कीन साझा करेंगी।यह भी बताया जा रहा है कि तीनों अभिनेत्रियां फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में होंगी, जो कहानी को और ज्यादा मजेदार बनाने का काम करेगा।

बोनी ने अर्जुन, वरुण और दिलजीत ने नाम पर मुहर लगाते हुए कहा था, जो भी नाम बताए गए हैं वे सही हैं। फिल्म में वही अभिनेता मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। आइए आशा करते हैं कि चीजें अच्छी तरह से काम करेंगी और यह नो एंट्री की तरह ही दिलचस्प और मजेदार बेनगी। इसकी स्क्रिप्ट बिल्कुल शानदार है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि यह स्क्रिप्ट पहली वाली की तुलना में और ज्यादा मजेदार है।

नो एंट्री 2 साल 2005 में रिलीज हुई फिल्म नो एंट्री का सीक्वल है, जिसमें सलमान खान, फरदीन खान और अनिल कपूर मुख्य भूमिका में थे।नो एंट्री को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया था और यह बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। फिल्म का निर्देशन अनीज बज्मी ने किया था और नो एंट्री 2 की कमान भी वही संभालेंगे।नो एंट्री 2 पर काम इसी साल दिसंबर से शुरू हो जाएगा। अगले साल यह सिनेमाघरों में दस्तक देगी।





## फिल्म डंक-वन्स बिटन ट्वाइस शाइ से हिंदी सिनेमा में वापसी कर रही हैं निधि अग्रवाल

एक्ट्रेस निधि अग्रवाल अपनी अपकमिंग ओटीटी डेब्यू फिल्म डंक - वन्स बिटन ट्वाइस शाइ को लेकर पूरी तरह से तैयार हैं। वह पहली बार बिकनी अवतार में नजर आएंगी। एक्ट्रेस थोड़े अंतराल के बाद हिंदी सिनेमा में वापसी कर रही हैं। वह पिछली बार 2017 में हिंदी फिल्म मुन्ना माइकल में नजर आईं थीं। प्रेरणा अरोड़ा द्वारा निर्मित इस फिल्म में सुचित्रा कृष्णमूर्ति और विनय पाठक के साथ तुषार कपूर और शिविन नारंग भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।डंक के बारे में बात करते हुए निधि ने कहा: तेलुगु, तमिल और हिंदी में अपनी उपस्थिति स्थापित करने के बाद अब मैं एक छोटे अंतराल के बाद हिंदी सिनेमा में वापसी कर रही हूं और साथ ही दक्षिणी फिल्म परिदृश्य पर भी अपना दबदबा बना रही हूं। एक्ट्रेस ने कहा कि उनके पास रोमांचक परियोजनाओं की भरमार है। उन्होंने कहा, मैं वर्तमान में महान पवन कल्याण और राजा साब के साथ एक मनोरम पीरियड फिल्म हरि हर वीरा मल्लू में काम कर रही हूं। जहां मैं प्रतिभाशाली प्रभास के साथ स्क्रीन शेयर कर रही हूं। निधि ने कहा, उम्मीद बहुत अधिक है क्योंकि दोनों फिल्में इस साल रिलीज होने वाली हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों के दर्शकों को लुभाने का वादा करती हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि इन सबके बीच उनकी नजर एक स्क्रिप्ट पर पड़ी, जो मुझमें गहराई से समा गई और इसने मेरे अंदर एक असाधारण प्रदर्शन देने की उत्सुकता जगा दी। निधि ने कहा, दक्षिण में दो नायकों और एक अन्य आशाजनक स्क्रिप्ट के साथ मैं सिनेमाई परिदृश्य में धूम मचाने के लिए तैयार हूं।

## साई मांजरेकर ने इंस्टाग्राम पर शेयर की ब्लू बॉडीकॉन ड्रेस में तस्वीरें

भारतीय अभिनेत्री साई मांजरेकर ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह ब्लू बॉडीकॉन ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं. उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है और हल्का मेकअप किया है. तस्वीरों में वह अलग-अलग पोज दे रही हैं. साई मांजरेकर की इन तस्वीरों को उनके फैंस द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है. कई फैंस ने उनके लुक की तारीफ करते हुए कमेंट किए हैं. एक फैन ने लिखा, आप बहुत खूबसूरत लग रही हैं, तो दूसरे ने लिखा, आपकी ड्रेस बहुत प्यारी है. साई मांजरेकर सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं. वह अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करती रहती हैं. इंस्टाग्राम पर उनके 1.9 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं.साई मांजरेकर एक भारतीय अभिनेत्री हैं जो हिंदी, मराठी और तेलुगु भाषा की फिल्मों में काम करती हैं। वह अभिनेता महेश मांजरेकर और मेधा मांजरेकर की बेटी है। उन्होंने दबंग 3 (2019) के साथ अभिनय की शुरुआत की, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला पदार्पण नामांकन के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार मिला।



# बॉक्स ऑफिस में लड़खड़ाये अजय देवगन की मैदान, दो दिन में 10 करोड़ भी नहीं कमा पाई फिल्म

अजय देवगन की 'मैदान' साल 2024 की मच अवेटेड फिल्म थी. 'मैदान' के ट्रेलर में अजय देवगन की परफॉर्मेंस देखने के बाद फैंस का फिल्म के लिए एक्साइटमेंट लेवल काफी बढ़ गया था. ईद के मौके पर इस फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी और इसे अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की 'बड़े मियां छोटे मियां' से क्लैश भी करना पड़ा. वहीं फिल्म लेकर जहां काफी हाईप था लेकिन 'मैदान' की ओपनिंग काफी ठंडी रही. फिल्म ईद पर रिलीज होने के बावजूद 10 करोड़ भी नहीं कमा पाई. चलिए यहां जानते हैं अजय देवगन की फिल्म का दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर कैसा हाल रहा

देश के बेहद फेमस फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीन की बायोपिक 'मैदान' काफी उम्मीदों के साथ



सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म को क्रिटिक्स और तमाम सेलेब्स सहित ऑडियंस से भी अच्छा रिव्यू मिला लेकिन ये फिल्म दर्शकों को थिएटरों तक खींच नहीं पाई और और इसकी ओपनिंग निराशाजनक रही.

अजय देवगन की इस फिल्म ने बुधवार को पेड प्रीव्यू और गुरुवार को थिएट्रिकल रिलीज के बाद 7.10 करोड़ का कलेक्शन किया. 'मैदान' ने ईद पर रिलीज हुई अब तक की सभी फिल्मों में सबसे कम कमाई की है. वहीं अब 'मैदान' की रिलीज के दूसरे दिन यानी शुक्रवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'मैदान' ने रिलीज के दूसरे दिन यानी शुक्रवार को 2.75 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ 'मैदान' का दो दिनों का कुल कलेक्शन अब 9.85 करोड़ रुपये हो गया है.

'मैदान' ने घरेलू बाजार में तो कुछ खास कमाल नहीं दिखाया हालांकि वर्ल्डवाइड अजय देवगन की इस फिल्म ने थोड़ा दम दिखाया. फिल्म के मेकर बोनी कपूर ने 'मैदान' की पहले दिन की दुनियाभर में हुई कमाई के आंकड़े शेयर किए हैं. इसके मुताबिक 'मैदान' ने वर्ल्डवाइड 10.70 करोड़ से ओपनिंग की है. वहीं दूसरे दिन फिल्म के 15 करोड़ का आंकड़ा पार करने की उम्मीद है.

# कान में आती है सायं-सायं की आवाज तो हो जाएं सावधान, हो सकती है खतरनाक बीमारी

क्या आपके कान से भी साईं-साईं की आवाज आ रही है, ऐसा लगता है कि कान में कोई सीटी बजा रहा है, अगर हां तो तुरंत सावधान हो जाइए, क्योंकि ये खतरनाक बीमारी के लक्षण हो सकते हैं. इस तरह की आवाज आना टिनिटस बीमारी का लक्षण है. अगर समय रहते इसका इलाज नहीं किया जाए तो बहरा होने तक का खतरा हो सकता है. इससे मानसिक परेशानी भी घेर सकती है. दरअसल, ऐसा कान के नर्व में गड़बड़ी की वजह से होता है, जिसे दवा या सर्जरी से कम किया जा सकता है. हालांकि, ज्यादा डैमेज होने पर सोने-जागने, काम करते समय परेशान कर सकता है.

टिनिटस बीमारी क्यों होती है

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, कई बार कान में छोटे से ब्लॉकेज के कारण भी टिनिटस हो सकता है. इसके अलावा, तेज आवाज से हियरिंग लॉस, कान में इंफेक्शन, साइनस इंफेक्शन, हार्ट डिजीज, सर्कुलेटरी सिस्टम में इंफेक्शन, ब्रेन ट्यूमर, हार्मोनल बदलाव, थायराइड बढ़ने से भी कान में सीटी सी आवाज आ सकती है.

टिनिटस कब खतरनाक

अगर आप इस बीमारी को बार-बार नजरअंदाज करते हैं तो फेशियल पैरालिसिस होने का खतरा बढ़ सकता है. हमेशा-हमेशा के लिए बहरे भी हो सकते हैं. कई बार तो इस आवाज से परेशान होकर इंसान अपनी जान तक देने की कोशिश कर सकता है. ऐसे में जरूरी है कि डॉक्टर से मिलकर थेरेपी की मदद से इसका इलाज करवाएं.



कान में आवाज आने का इलाज

साउंड बेस्ड थेरेपी

टिनिटस के लक्षण कम करने के लिए साउंड बेस्ड थेरेपी कारगर हो सकती है. इसमें यंत्रों की मदद से बाहर की आवाज को बढ़ाया जाता है और दिमाग तक इस आवाज को पहुंचने से छुटकारा दिलाया जाता है. हियरिंग एड, साउंड मास्किंग डिवाइस, कस्टमाइज्ड साउंड मशीन या कान में लगाए जाने वाले यंत्र इसी के उदाहरण हैं.

बिहेवियरल थेरेपी

टिनिटस बहुत ज्यादा इमोशनल स्ट्रेस, डिप्रेशन, इंसोमनिया से भी होता है. इसका इलाज करने के लिए तरह तरह के बिहैवियर थेरेपी की हेल्प ली जाती है. कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी, प्रोग्रेसिव टिनिटस मैनेजमेंट की मदद से इस आवाज से छुटकारा दिलाने की कोशिश की जाती है.

दवाईयों की मदद

टिनिटस को मैनेज करने के लिए एंटी एंग्जायटी ड्रग, एंटी डिप्रेशन जैसी दवाईयां दी जाती हैं. लक्षणों के आधार पर डॉक्टर दवा देते हैं.

लाइफस्टाइल में बदलाव

मानसिक रुप से दबाव में होने पर टिनिटस के लक्षण बढ़ सकते हैं. तनाव और एंग्जाइटी दूर करने के लिए एक्सरसाइज, योगा, मेडिटेशन, सहि डाइट और बेहतर सोशल लाइफ पर ध्यान देना चाहिए.

## आयुष्मान खुराना का नया गाना अंख दा तारा हुआ रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना को अभिनय के अलावा गायिकी का भी खूब शौक है। प्रशंसक को भी उनके नए गानों का इंतजार रहता है।अब आयुष्मान का नया गाना अंख दा तारा रिलीज हो चुका है, जिसके बोल कुंवर जुनेजा ने लिखे हैं। इस गाने को प्रशंसकों का काफी प्यार मिल रहा है।आयुष्मान ने अंख दा तारा गाना साझा करते हुए लिखा, मेरा अंख दा तारा तुम हो और अब यह तुम्हारा हुआ। आयुष्मान ने मिट्टी दी खुशबू और पानी दा रंग जैसे कई हिट गाने गाए हैं।उन्होंने हाल ही में देश के अग्रणी संगीत लेबल वार्नर म्यूजिक इंडिया से हाथ मिलाया है, जो दुनियाभर के दर्शकों और कलाकारों तक उनका संगीत पहुंचाएगा।वार्नर म्यूजिक इंडिया संगीत से जुड़ी एक मशूहर कंपनी है, जिससे दिलजीत दोसांझ से लेकर अरमान मलिक तक कई कलाकार जुड़े हैं। आयुष्मान को आखिरी बार अनन्या पांडे के साथ फिल्म ड्रीम गर्ल 2 में देखा गया था।

## शब्द सामर्थ्य -027


(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. खूब कसा हुआ, फुर्तीला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

ऊपर से नीचे

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 026 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | | | प | यो | द | |
| न | | ह | क | दा | र | | ल | य |
| ह | वा | ला | त | | च | | द | म |
| गा | | | रा | ज | म | ह | ल | |
| र | ई | स | | ग | | स | | अ |
| | मा | | प | त | वा | र | | ल |
| ख | न | क | ना | | ह | त | | बे |
| स | दा | | ह | | वा | | शो | ला |
| रा | र | | | | ही | र | क | |

## राजपाल यादव की फिल्म काम चालू है का ट्रेलर हुआ रिलीज



राजपाल यादव ने हिंदी सिनेमा में बतौर कॉमेडी कलाकार खुद को स्थापित किया है। अब तक फिल्मों में अपनी अलग-अलग भूमिकाओं से वह दर्शकों को हंसाते नजर आए हैं। हालांकि, कई बार राजपाल कह चुके हैं कि उन्हें खुद को कॉमेडी कलाकार कहलवाना पसंद नहीं है। बहुत संभव है कि उनकी आगामी फिल्म काम चालू है देखने के बाद दर्शक उन्हें सिर्फ कॉमेडी अभिनेता कहना बंद कर दें। ऐसा हम क्यों कह रहे हैं, वह आप इस फिल्म का ट्रेलर देखकर समझ सकते हैं, जो आज जारी हो चुका है। फिल्म काम चालू है में राजपाल यादव गंभीर भूमिका में नजर आ रहे हैं। वह एक ऐसे पिता का किरदार अदा कर कर रहे हैं, जो अपनी जान से प्यारी बेटी का शव कंधों पर ढोता है और फिर उसके इंसाफ की लड़ाई लड़ता है। ट्रेलर में वह इस भूमिका के साथ न्याय करते नजर आ रहे हैं। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। इसे 19 अप्रैल को जी5 पर देखा जा सकेगा।इस फिल्म में अभिनेत्री जिया मानेक भी नजर आएंगी। पर्दे पर पहली बार राजपाल यादव और जिया मानेक की जोड़ी बन रही है। जिया फिल्म में राजपाल की पत्नी का किरदार निभा रही हैं। कुरंगी नागराज भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। वह राजपाल यादव की बेटी की भूमिका में हैं।

# एसईसीएल कालोनी के सी 18 आवास से प्रशासन ने हटाया सब्जी कारोबारी का कब्जा






**चिरमिरी।** बीते एक सप्ताह की भारी मशक्कत के बाद आखिरकार चिरमिरी तहसीलदार एवं आरआई ने भाजपा नेता एवम सब्जी व्यवसायी चंदन गुप्ता से हल्दीबाड़ी स्थित एसईसीएल के आफिसर कालोनी के क्वार्टर को अवैध कब्जे से खाली करा लिया ।

ज्ञात हो की चिरमिरी क्षेत्र के एसईसीएल एनसीपीएच कॉलरी के ऑफिसर्स बंगला नंबर सी 18 के द्वारा 7 अप्रैल को खाली हुआ, जिसे कंपनी का ताला लगा कर बंद किया गया था। जिसे रात्रि में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा ताला तोड़ कर कब्जा कर लिया गया। जिसकी जानकारी 8 अप्रैल की सुबह हुई, जानकारी लगते ही मकान को खाली करवाने के लिए एसईसीएल की टीम पहुंची तो जानकारी मिली की हल्दीबाड़ी निवास एवं सब्जी व्यवसायी तथा भाजपा नेता चंदन गुप्ता नामक व्यक्ति के द्वारा एसईसीएल का ताला तोड़कर उसके द्वारा खुद का ताला मार गया है। जिसकी जानकारी मिलते ही एसईसीएल के संबधित अधिकारी कर्मचारी अपनी पूरी टीम के साथ शिकायत दर्ज करवाने के लिए तहसीलदार चिरमिरी के पास पहुँचे और अवैध कब्जा धारी चंदन गुप्ता के नाम से लिखित शिकायत दर्ज करवाई । जिसके बाद चिरमिरी तहसीलदार ने सब्जी व्यवसायी चंदन गुप्ता को एसईसीएल के क्वार्टर को जल्द अवैध कब्जे से खाली करने का नोटिस जारी किया । लेकिन चंदन गुप्ता ने क्वार्टर खाली करने से इंकार करते हुए कहा कि जिसको जहां जाना है जाए, वह किसी भी कीमत पर क्वार्टर खाली नही करेगा । इसके बाद एसईसीएल प्रबंधन ने उक्त क्वार्टर के पानी व बिजली का कनेक्शन काट दिया, लेकिन इसके बावजूद भी चंदन गुप्ता ने क्वार्टर खाली नही किया और एसईसीएल एवम प्रशासन के अधिकारियो को सत्ता का धौंस दिखाता रहा।

मामले को लेकर आम जनता में भी भारी आक्रोश था, जिसके कारण प्रशासन मामले को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने का प्रयास कर रहा था । आखिरकार रविवार को भारी मशक्कत के बाद प्रशासन को सफलता मिली और वह भाजपा नेता व सब्जी व्यवसायी चंदन गुप्ता के अवैध कब्जे से एसईसीएल के आफिसर कालोनी का क्वार्टर खाली कराने में सफल रहा।

# विधायक रेणुका ने मौजूदा भूमिका पर जताया संतोष, अन्य पद की चाह नहीं



**मनेन्द्रगढ़।** मैं विधायक बनकर खुश हूं। मेरा काम जनता की सेवा करना है। मैंने गांव के लोगो की तकलीफ को देखा है। उन तकलीफों को मुझे दूर करना है। मैं तय कर ली हु की मुझे सिर्फ जनता की सेवा करना है।

मैं विधायक के रूप में सांसद के रूप में रह चुकी हूं, मैं दोनों सरकार में मंत्री रह चुकी हूं अब मेरा जीवन सिर्फ जनता की सेवा के लिए है। यह बातें पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने मीडियाकर्मियों से चर्चा के दौरान कही। मीडियाकर्मियों ने जब विधायक रेणुका सिंह से सवाल किया कि लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश के मंत्रिमंडल में फेरबदल होता है और आपको मंत्रीमंडल में जगह मिलती है तो क्या करेंगी। इस सवाल के जवाब में विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि, पार्टी मुझे जब जब जो जिम्मेदारी देती है मैं उसका पालन करती हूं। मण्डल अध्यक्ष से लेकर केंद्रीय मंत्री तक रह चुकी हूं। ट्राइबल मोर्चा के विभिन पदों पर काम मैंने किया है। जब जब पार्टी जो जिम्मेदारी देगी मैं उसे बखूबी निभाऊंगी। पत्रकारों ने जब विधायक रेणुका सिंह से पूछा कि क्षेत्र की समस्या को दूर कैसे किया जाएगा के सवाल के जवाब में रेणुका सिंह ने कहा कि, मैं लगातार भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रही हु। लोगो से मिल रही हु उनकी दुख तकलीफें जान रही हु। इस पर कार्ययोजना बनाकर मैं काम कर रही हु जल्द ही इसका परिणाम आप सबके सामने होगा।

गौरतलब है कि विधायक रेणुका सिंह का नाम मुख्यमंत्री की दौड़ में भी खूब आगे चल रहा था। केंद्र सरकार मे केंद्रीय राज्यमंत्री रहते हुए रेणुका सिंह ने भरतपुर सोनहत विधानसभा से चुनाव लड़ा और कठिन सीट समझे जाने वाली सीट पर भाजपा का परचम लहराया। छत्तीसगढ़ से केंद्र सरकार में इकलौती मंत्री होने के कारण रेणुका सिंह का नाम सीएम पद की रेस में भी खूब चला।

## पुलिस को 6 साल से दे रहा था चकमा, गिरफ्तार

**रायपुर।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा लंबित अपराधों के फरार आरोपियों की शीघ्र पतासाजी, गिरफ्तारी के दिये दिशा निर्देशों पर घरघोड़ा पुलिस द्वारा धोखाधड़ी फरार के आरोपी पवन कुमार महानंद पिता सुरेन्द्र राम 48 वर्ष सा. गीतांजली सिटी फेस-2 गली नं. 04 शिव मंदिर के सामने बिलासपुर थाना सरकंडा जिला बिलासपुर को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है । आरोपी करीब 6 साल से गिरफ्तारी से बचने लुक-छिप रहा था। घरघोड़ा पुलिस लगातार आरोपी के सकुनत बिलासपुर में दबिश देकर उसके परिवारजन और रिस्तेदारों से पूछताछ कर संपर्क रखे हुये थी साथ ही थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी द्वारा आरोपी के सकुनत आसपास सूचना देने मुखबीर तैनात कर रखा गया था।

# जयंती पर डॉ. अंबेडकर को याद किया जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने




**बैकुंठपुर/कोरिया।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन किया गया द्यबाबा साहेब ने संविधान देकर हम भारतीयों को अधिकार संपन्न बनाया, आज भाजपा के नेता इन्हीं अधिकारों को छीनने का स्वप्न देखते हुए,संविधान को बदलने की बात कह रहे हैं। हमारा संविधान महज कागज के चंद पन्ने नहीं बल्कि हमारे भारत की आत्मा है, देश के संविधान की रक्षा के लिए, बाबा साहेब के संघर्षों, उनके जीवन मूल्यों की रक्षा के लिए, इस देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने लोकतंत्र को सशक्त बनाने में उनका साहस, उनका ज्ञान और योगदान उनकी विरासत हैं जो हमें देश के लिए हर संघर्ष में प्रेरणा देती रहेंगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता,पूर्व विधायक अंबिका सिंह देव,महामंत्री बृजवासी तिवारी,वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, विजय सिंह, चंद्रप्रकाश राजवाड़े, बिहारी राजवाड़े, विकाश श्रीवस्तव,धीरज सिंह, चिंटू खान, मनीष सिंह, मोनू मांझी अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चार सटोरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर।** गुढियारी थाना पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर ऑनलाइन सट्टा खिलाते 4 युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी, 3 नग मोबाइल व नकदी 57970 रुपए जब्त किया है। गुढियारी पुलिस ने गोगांव के गायत्री नगर मेडिकल के पास दबिश देकर ऑनलाइन सट्टा खिलाते आरोपी संजय कुमार गोड 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 नग मोबाइल और नकदी 4500 रुपए जब्त किया है। वहीं दूसरे मामले में पुलिस ने झाबक पेट्रोल पंप के पास आरोपी राजेंद्र बंजारे 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 21550 रुपए जब्त किया है। वहीं आरोपी अमित धृतलहरे 26 वर्ष के पास से 1 मोबाइल, सट्टा-पट्टी सहित नकदी 20,400 रुपए जब्त किया है। वहीं आरोपी चंद्रकुमार दासवानी 56 वर्ष के पास से 1 मोबाइल, सट्टा-पट्टी सहित नकदी 11,520 रुपए जब्त किया है।

# दुष्कर्म का फरार इनामी आरोपित सिंगरौली से पकड़ाया



**बतौली।** युवती के साथ दुष्कर्म के बाद पांच महीने से फरार बरगीडीह क्षेत्र के आदतन आरोपित को पुलिस ने सिंगरौली, मध्य प्रदेश से पकड़ लिया है। पुलिस ने आरोपित की गिरफ्तारी पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया था । आरोपित ने युवती को धोखे से अपने माता पिता से मिलने बुलाया था। आरोपित के खिलाफ प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पहले भी एक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित युवती ने 19 अक्टूबर 2023 को बतौली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बरगीडीह लुंड्रा निवासी शहबाज फ़िरदौसी ने दो दिन पहले उसे अपने माता पिता से मिलवाने की झूठी बात बोलकर बुलाया था। वह आरोपित की बातों में आ गई और आरोपित के माता पिता से मिलने चली गई। युवक उसे अपने घर न ले जाकर अपनी गाड़ी मे बैठाकर बतौली ले गया, जहां उसने मारपीट करते हुए दुष्कर्म किया और बाद में अपने गाड़ी मे बैठाकर मुख्य मार्ग मे छोड़कर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी देते हुए फरार हो गया । युवती ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी । पीड़िता की रिपोर्ट पर बतौली पुलिस ने धारा 294, 506, 323, 376 एवं 3(2)(5)एससी-एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। रिपोर्ट दर्ज होने के साथ ही पुलिस फरार आरोपित शहबाज फ़िरदौसी की तलाश में जुटी थी।

इस बीच पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा आरोपित शहबाज फ़िरदौसी उर्फ़ गोंटी खान बरगीडीह की गिरफ़्तारी हेतु पांच हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की गई थी। इसी बीच सायबर सेल से आरोपी के संबंध में तकनीकी जानकारी मिली कि वह मध्य प्रदेश के सिंगरौली में हो सकता है। इसी जानकारी के आधार पर पुलिस टीम को आरोपित की गिरफ्तारी हेतु बैढ़न सिंगरौली मध्य प्रदेश भेजा गया। आखिरकार पुलिस टीम ने आरोपित की घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपराध घटित करना स्वीकार किया । आरोपित को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। पुलिस ने बताया कि शाहबाज आदतन अपराधी किस्म का हैं । उसके विरुद्ध पूर्व मे भी कई प्रकरण दर्ज हुए हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बतौली उप निरीक्षक सीपी तिवारी, आरक्षक संजीव चौबे, राजेश खलखो, ओमप्रकाश गुप्ता, सुनील आयाम, दीपक पाण्डेय शामिल रहे।

## रेहंड जंगल में पेड़ों की अवैध कटाई, विभाग मौन



**सूरजपुर।** चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के रेहण्ड (महुली) जंगल गुरु घासीदास नेशनल पार्क में इमारती पेड़ों की जमकर कटाई की जा रही है। इस जंगल से सिर्फ पेड़ उखाड़ने का वीडियो सामने आने के बाद विभागीय अधिकारी इस मामले में कुछ भी कहने से बच रहे हैं। नेशनल पार्क परिक्षेत्र महुली रेहंड जंगल में एक्सीवेटर मशीन लगा कर सैकड़ों पेड़ों को उखाड़ने का वीडियो वायरल हो रहा है। इस मामले में अब तक कोई जांच व कार्रवाई नहीं की गई। रेहण्ड जंगल से पेड़ों को उखाड़ने का वीडियो वायरल होने के मामले में गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान कोरिया के डीएफओ से फोन पर बात करने पर उन्होंने इस मामले में मौके पर टीम भेज कर जांच कराने की बात कही थी। तीन दिन बीतने के बाद भी विभाग द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गई।

## वाहन की टक्कर से मोपेड सवार गंभीर

**राजपुर।** अंबिकापुर-रामानुजंगज राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज गति की वाहन की टक्कर से मोपेड चालक बुजुर्ग जगमोहन गोड़ (70) गंभीर रूप से घायल हो गया। वह अपने परसागुड़ी भदरापारा स्थित घर से सब्जी बेचने राजपुर आ रहा था। सरगुजा सर्विस स्टेशन के पास पीछे से आ रही वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। गंभीर स्थिति को देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज अस्पताल रिफर कर दिया। थाना प्रभारी सुधीर मिंज के साथ पुलिस कर्मचारी , टक्कर मारने वाली वाहन की जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहे हैं।

## अंतराज्यीय जांच बैरियर पहुंचे पर्यवेक्षक

**रामानुजगंज।** लोकसभा चुनाव को लेकर कन्हर नदी के तट पर स्थित अंतरराज्यीय जांच बैरियर की जांच करने व्यय पर्यवेक्षक सरगुजा गिरिराज दत्त शर्मा, कलेक्टर रिमिजियुस एक्का, पुलिस अधीक्षक डा़ लाल उमेद सिंह पहुंचे। अधिकारियों ने वहां मौजूद थाना प्रभारी ललित यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी एवं राजस्व विभाग की टीम को दिशा निर्देश दिए। झारखंड की सीमा पर कनहर नदी के तट पर परिवहन विभाग, वन विभाग, आबकारी विभाग चौकी, कृषि उपज मंडी एवं खनिज विभाग का जांच बैरियर स्थित है। जहां झारखंड राज्य से आने वाली भारी माल वाहक एवं छोटे पिकप वाहनों की जांच की जाती है। सरगुजा लोकसभा के लिए सात मई को संपन्न होने वाले चुनाव के मद्देनजर व्यय पर्यवेक्षक सहित अन्य अधिकारी पहुंचे थे।

## महिला से मारपीट

**रायपुर।** सुभाष नगर नाहरपार में घरेलू विवाद को लेकर एक युवक ने कूकर से अपनी मां को मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थिया की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया बतुलन बेगम 55 वर्ष सुभाष नगर नाहरपार की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया के पुत्र आरोपी जुम्मन 35 वर्ष ने घरेलू विवाद को लेकर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर कुकर से सीर पर मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थिया की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# हाथी का हमला, माता पिता व बालिका घायल



**उदयपुर।** सुबह जल्दी उठकर महुआ बीनने की मंशा से तिरपाल में सो रहे दंपती व उनके दुधमुंही बच्ची पर हाथी ने हमला कर दिया। हाथी ज्यादा देर तक घटनास्थल पर नहीं रुका। इस कारण तीनों की जान बच गई। उदयपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को मेडिकल कालेज अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया है। महिला को गंभीर चोट आई है। घटना के बाद वन विभाग की टीम अलर्ट हैं। अकेले विचरण कर रहे हाथी के मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है।

घटना उदयपुर वन परिक्षेत्र के फतेहपुर बस्ती से लगे जंगल के पास की है। फतेहपुर निवासी हारमती (32) ,उसका पति दुर्गा गोंड (34) , आठ माह की दुधमुंही बच्ची अंजना को लेकर महुआ बीनने गए थे। सुबह जल्दी उठकर महुआ बीनने के लिए उन्होंने पेड़ के पास ही तिरपाल लगाया था। उसी के नीचे तीनों सो रहे थे। अचानक एक हाथी आ गया। हाथी के हमले से तीनों लोग घायल हो गए। हाथी बिना रुके आगे बढ़ गया। महिला की छाती में गंभीर चोट आई। पति व बेटी भी घायल हो गए।सभी घायलों को घटना स्थल से एंबुलेंस से सीएचसी उदयपुर लाया गया।प्राथमिक उपचार के बाद सभी को मेडिकल कालेज चिकित्सालय भेज दिया गया। दो हाथी एक सप्ताह से उदयपुर वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहे थे। दोनों हाथी एक साथ थे परंतु दो दिन से दोनों हाथी अलग-अलग होकर विपरीत दिशाओं में चले गए हैं। एक हाथी लखनपुर वन परिक्षेत्र की ओर गया है तो दूसरा फतेहपुर की ओर से होते हुए तारा प्रेमनगर के जंगल की ओर रवाना हुआ है।घटना की सूचना पर रेंजर कमलेश राय घायलों के साथ सीएचसी उदयपुर में मौजूद रहे तथा रेफर किए जाने के बाद घायलों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल में इलाज हेतु शिफ्ट किया गया है। जहां वन अमला की टीम मौजूद है। वन अमला द्वारा ग्रामीणों को लगातार समझाइश दी जा रही है परंतु समझाइश को न मानना लोगों पर भारी पड़ रहा है। हाथियों के हमले से घायल दुर्गा के परिवार को भी जंगल में हाथी विचरण की सूचना दी गई थी परंतु इन लोगों ने समझाइश को नहीं माना और हाथी के हमले के हादसे का शिकार हो गए।

## पिता की हत्या के मामले में पुलिस ने पुत्र को गिरफ्तार किया

**सूरजपुर।** शुक्रवार तड़के सूरजपुर जिले के करंजी रेलवे साइडिंग के समीप सड़क किनारे मोटरसाइकिल चालक ग्रामीण पर टांगी से ताबड़तोड़ प्राणघातक हमला कर हत्या करने के मामले का करंजी पुलिस ने राजफाश करते हुए मृतक के इकलौते पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के पीछे की वजह चौंकाने वाली है। आरोपित पुत्र अपना विवाह लगने से नाराज था और इसी नाराजगी में उसने अपने पिता की टांगी से वार कर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस आज दोपहर बाद पूरी जानकारी देगी। बता दें कि करंजी इलाके के दतिमा गांव के आमापारा मोहल्ले में रहने वाला सुकुल राम पिता महिपत राजवाडे 48 वर्ष खेती किसानी के साथ ही हाइड्रोसिल के मरीजों का जंगली जड़ी बूटी से इलाज भी करता था। शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे वह अपनी मोटरसाइकिल स्टार्ट कर घर से टांगी लेकर निकला था। मोटर साईकिल स्टार्ट होने की आवाज सुनकर उसके पुत्र विक्रम ने उसके मोबाइल पर काल कर पूछा कि कहां जा रहे हैं। तब उसने बताया था कि वह जंगली जड़ी बूटी लेने जा रहा है। उसके बाद गांव के पूर्व जनपद सदस्य शंकर राजवाडे ने सुबह करीब छह बजे उसे सूचना दी कि उसके पिता सुकुल राम की करंजी रेलवे साइडिंग के समीप सड़क किनारे हत्या कर दी गई है। करंजी पुलिस को भी सूचना मिली कि दतिमा गांव के सुकुल राम राजवाडे की किसी ने हत्या कर दी है। खून से लथपथ उसका शव उसकी मोटरसाइकिल के नीचे दबा पड़ा मिला था। करंजी पुलिस ने जांच के आधार पर प्रमुख संदेही मृतक के इकलौते पुत्र विक्रम को कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने हत्या करने की बात स्वीकार कर ली है। पुलिस के अनुसार मृतक सुकुल राम ने अपने पुत्र का विवाह 17 अप्रैल को तय किया था लेकिन उसका पुत्र विवाह तय होने से नाराज था। इसी आवेश में उसने अपने पिता को मार डाला।

## सरेआम शराब पीते दर्जन भर पकड़ाए

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते दर्जन भर लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मोवा पुलिस ने मोवा तालाब के पास सरेआम शराब पीते आरोपी नारक बघेल 36 वर्ष व पंचराम सोनी 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी मोह.रमजान 45 वर्ष, वेदराम जगताप 42 वर्ष, अक्षय दास 26 वर्ष, प्रिंस कुमार 21 वर्ष व अभिषेक कुमार 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी राहुल साहू 22 वर्ष, खरोरा पुलिस ने आरोपी देवनाथ विश्वकर्मा 51 वर्ष, बाबुलाल खुटे 60 वर्ष व परदेशी नारंग 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह माना पुलिस ने आरोपी जय कुमार वर्मा 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# चैती छठ: सूर्योपासना के लिए घाट में उमड़ी भीड़



**अंबिकापुर।** चैती छठ में सूर्योपासना के लिए रविवार को नगर के शंकर घाट व यहां से आठ किलोमीटर दूर स्थित घुनघुट्टा नदी तट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। व्रती महिलाओं ने सूर्य उपासना की, अर्घ्य दिया सूर्य उपासना के लिए दोनों प्रमुख घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई। दोनों घाटों पर समितियों ने अच्छी तैयारी की थी।दो दिन पहले से ही चैती छठ व्रत चालू हो गया था। नहाए खाए के साथ व्रत की शुरुआत हुई थी।दूसरे दिन घाट बंधान के साथ खीर भोज भी हुआ।कार्तिक मास में जिस तरह छठ में उत्साह नजर आता है ,श्रद्धा भाव नजर आता है उसी तरह इस बार भी चैत्र मास में होने वाले इस छठ में नजर आया। रविवार को दोपहर से ही व्रती महिलाएं परिवार के साथ डूबते सूर्य को अर्घ्य देने निकले। भारी भीड़ शंकरघाट व घुनघुट्टा में नजर आया। सभी ने सूर्यदेव को अर्घ्य दिया।एक दिन पहले ही सूप में चढ़ने वाला प्रसाद तैयार किया गया था।सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत का समापन होगा।नगर के शंकर घाट में मां महामाया छठ सेवा समिति के अध्यक्ष विजय सोनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छठ समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं की सेवा की।पर्व आरंभ होने से पहले ही घाटों की साफ-सफाई सदस्यों ने की थी। उधर घुनघुट्टा नदी तट पर समिति के अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता के नेतृत्व में जिला पंचायत के सभापति राकेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समिति से जुड़े लोगों ने यहां व्यवस्था की थी।सभी के सहयोग से छठ व्रतियों को यहां किसी तरह की परेशानी नहीं आई। सभी ने परिवार सहित दूसरी बार घुनघुट्टा नदी में चैत्र मास का छठ व्रत किया है।

## पैसे के लेन-देन को लेकर युवक से मारपीट

**रायपुर**। ग्राम छतौना में उधार पैसे के लेन-देन को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी महेश रात्रे 25 वर्ष ग्राम छतौना का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी विनय माधुरी ने उधार पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी महेश से गाली-गलौज कर कुर्सी से मारकर चोट पहुंचाया।

## बैठक में बनायी जाएगी रणनीति

**कोरबा।** रामपुर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक आज उरगा में आयोजित की गई है। इस बैठक में जिला प्रभारी गोपाल साहू शामिल होंगे। बैठक में रेणुका राठिया, आकाश सक्सेना, नटवर शर्मा, लक्ष्मी श्रीवास सहित सभी मंडल अध्यक्ष आगे की रणनीति तैयार करेंगे। युवा मोर्चा की बुथ तक जाने का कार्यक्रम शुरू हो चुका है। इसके अलावा कल नोनबिर्रा में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दो हजार से अधिक कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम को सफ बनाने में नीरज मिश्रा, ब्रिजेश यादव, प्रवीण उपाध्याय, दिनेश तिवारी, धनजंय चौहान शुभभ हलवाई, प्रकाश यादव ने सहयोग प्रदान किया।

## रसुल बनें महामंत्री

**कोरबा।** एसईकेएमसी दीपका एरिया के अध्यक्ष सतीश सिंह के अनुशंसा पर रसुल अहमद को दीपका एरिया का महामंत्री व जेसीसी सदस्य बनाया गया है। काफी लंबे समय से रसुल अहमद संगठन का काम कर रहे है। मार्च माह में सदस्यता अभियान चलाकर सूची जमा की गई है। रसुल अहमद का महामंत्री बनने से समर्थकों में उत्साह है।

### राशि जारी नहीं होने से अधूरे पड़े प्रधानमंत्री आवास

# पिछली सरकार की हेकड़ी का ठीकरा फूटा 124 सचिवों पर, रोका वेतन



**कोरबा।** पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर करने वाले जिले के 124 सचिवों का वेतन रोक दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास के अधूरे कामकाज को इसकी वजह बताई गई है। संबंधित क्षेत्रों में आवास का काम नहीं हो पाया है। वेतन रोक देने से सचिवों के खर्चे प्रभावित हो गए हैं और घरेलू कामकाज पर इसका असर पड़ा है।

हाल में ही एक आदेश जारी करते हुए जनपद पंचायत कोरबा, करतला, पाली, कटघोरा और पोड़ी उपरोड़ा से संबंधित 124 सचिवों के वेतन पर ब्रेक लगा दिया गया। यह कार्रवाई जिले से हुई। सूचनाओं में कहा गया कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति और समीक्षा को लेकर बैठक हुई थी। इस दौरान जानकारी सामने आई कि बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित स्वीकृत मामलों में काम पूरा नहीं हो सका। ग्रामीण क्षेत्र में इसकी संख्या ज्यादा है। माना गया कि जिन हाथों को काम करने की जिम्मेदारी दी गई थी उन्होंने रूचि नहीं ली और इसके कारण आवास पूरे नहीं हो सके। आदेश जारी होने से प्रभावित सचिव हैरान हैं। उन्होंने बताया कि पूरे मामले में उनकी कोई भूमिका ही नहीं है। दरअसल पिछली कांग्रेस सरकार ने केंद्र प्रवर्तित प्रधानमंत्री आवास योजना को गंभीरता से नहीं लिया। केंद्र के 60 प्रतिशत और राज्य के 40 प्रतिशत योगदान से योजना पर काम हो रहा है। छत्तीसगढ़ के लिए स्वीकृत इकाईयों के लिए केंद्र ने पैसा तो दिया लेकिन राज्यांश देने में छत्तीसगढ़ ने रोड़े अटकाए। इसके चलते संबंधित क्षेत्रों में योजना की किस्त जारी नहीं हो सकी। इस स्थिति में पंचायतें योजना का क्रियान्वयन करती किस तरह से। इसी के चलते आवासों का काम अधूरा रह गया। सचिवों ने बताया कि उन्होंने मामले की जानकारी अपने संगठन के जरिए उच्च स्तर तक भिजवाई है और इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है।

### चुनाव पर भी पड़ेगा इसका असर

पक्के आवास का मामला शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक असर डाल रहा है। बीते वर्षों में केंद्र की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे आवास दिए जा रहे थे। अब नई सरकार ने पक्के आवास देने पर काम किया है। ऐसे में भी नीतिगत कारणों से समय पर राशि उपलब्ध नहीं होने से बड़ी संख्या में आवास अधूरे छूटे हुए हैं। लोकसभा चुनाव में यह मामला भी तूल पकड़ रहा है। ऐसे में संभव है कि कोई एक इसे भुनाएगा और दूसरा दल परेशानी झेलेगा।

# सूरजपुर से धजाक पहुंचा खतरनाक लोनर, वन विभाग हुआ सतर्क



**कोरबा।** सरगुजा क्षेत्र में तीन लोगों को हमला कर घायल कर देने वाला खतरनाक लोनर हाथी अब सूरजपुर के रास्ते जिले के कटघोरा वन मंडल अंतर्गत केंदई रेंज के धजाक गांव में पहुंच गया है। खतरनाक हाथी के जिले में आने की सूचना मिलते ही वन विभाग सर्तक हो गया है। और वन अमला द्वारा लोनर हाथी की निगरानी थर्मल ड्रोन कैमरे के जरिए शुरू कर दी गई है। लोनर की हर गतिविधियों पर नजर रखा जा रहा है। वहीं केंदई रेंज के ही कोरबी बीट अंतर्गत मातिनदाई मंदिर के समीप डपिंग एरिया में घूम रहा चेतक हाथी बीती रात आगे बढ़कर कापा नवापारा पहुंच गया । और वहां मौजूद 22 हाथियो के दल में शामिल हो गया। जबकि 13 हाथियो का दल लालपुर क्षेत्र में विचरण रत है। यहां 18 हाथियो का दल सक्रिय था। जिसमें से पांच हाथी आज सुबह अलग हुए और बनिया क्षेत्र में जंगल का रास्ता तय करते हुए पहुंच गया है। बनिया क्षेत्र में पांच हाथियो के पहुंचने की सूचना संबंधित वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दी गई। जिसपर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर हाथियो की निगरानी में जुट गया है। बनिया व आस-पास के गांवो में मुनादी करा कर ग्रामीणो को सर्तक किया ला रहा है। इस बीच कोरबा वन मंडल के कुदमुरा रेंज में मौजुद दो हाथी बीती रात कोरबा रेंज के ग्राम गेराव पहुंच गए है। हाथियो ने यहां फिलहाल कोई बड़ा नुकसान नही पहुंचाया है। और न ही किसी प्रकार का उत्पात मचाया है। फिर भी वन विभाग सर्तकता बरतते हुए हाथियो की निगरानी में जुट गया है। वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी कल रात भर गेराव व आसपास के क्षेत्र में डेरा डाले रहे और ग्रामीणों को सर्तक करने के साथ हाथियो की निगरानी करते रहे।

## बांग्ला नववर्ष पर कार्यक्रम किया बंगाली समाज ने

**कोरबा।** बंग समाज ने अपना नव वर्ष उत्सव उल्लास के साथ मनाया। शहर में आयोजित इस उत्सव में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने इस मौके को यादगार बनाने के लिए कई तरह की सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। समाज से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया,कि यह दिन उनके लिए काफी महत्वपूर्ण है और इस दिन उनके द्वारा अपनी संस्कृति को याद किया जाता है। बंगाल में इस दिन को काफी धूमधाम से मनाया जाता है।


## डूबान क्षेत्र में मिला युवती का शव

**कोरबा।** बालको नगर पुलिस थाना क्षेत्रांतर्गत सतरेंगा के डूबान क्षेत्र में एक युवती का शव मिला है। खैरभावना क्षेत्र में कुछ लोगों ने उसे देखा। उसके बारे में फिलहाल अधिक जानकारी नहीं मिली है। शव मिलने के बारे में ग्रामीणों की ओर से पुलिस को अवगत कराया गया है। उक्तानुसार आगे जरूरी प्रक्रियाएं की जाएंगी। फिलहाल पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए 174 सीआरपीसी के तहत मर्ग कायम किया है। मृतका के बारे में जानकारी हासिल करने आसपास के क्षेत्रों में सूचनाएं दी गई है।

## मंदिरों में श्रद्धालुओं का रैला

**कोरबा।** चैत्र नवरात्र की आज सप्तमी तिथि को भक्तों ने देवी के कालरात्रि स्वरूप की पूजा अर्चना की। सुबह से यहां के देवी मंदिरों में भक्तों की उपस्थिति दर्ज हुई। उन्होंने पूजा अर्चना के साथ नैवैद्य अर्पित किया। बढ़े हुए तापमान को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं के लिए सभी मंदिरों में छाया की व्यवस्था की गई। कुछ स्थानों पर भोग प्रसाद वितरण का काम भी सामाजिक संगठनों की ओर से किया गया।

## चैत्र नवरात्रि पर रामजानकी मंदिर में 17 को होगा कन्या पूजन के साथ विशाल भंडारा का आयोजन



**कोरबा।** रामजानकी मंदिर प्रताप प्रांगण में आगामी 17 नवंबर को सुबह से ही कन्या पूजन, कन्या भोज के साथ ही दोपहर को विशाल आम भंडारा का भी आयोजन किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष अवधेश सिंह ने बताया कि 17 अप्रैल को मंदिर परिसर में हवन पूजन के साथ कन्या पूजन किया जाएगा। यहां पर दोपहर से भंडारा भी होगा। संपूर्ण कार्यक्रम के लिए संगठन के उपाध्यक्ष विजय सिंह, सचिव मुकेश सिंह, सहसचिव छन्नू सिंह, कोषाध्यक्ष बच्चू सिंह, कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह लाला एवं वरिष्ठ सदस्य स्मित सिंह, मंटू सिंह, संदीप सिंह, यू.के.सिंह, कमलेश सिंह, अभय राज सिंह, राजेंद्र सिंह प्रयास कर रहे हैं।

## हादसे के बाद टूटी नींद, अब परसाभाठा क्षेत्र की सड़क होगी चौड़ी

**कोरबा।** शराब के नशे में दोपहिया चलाने और खुद होकर ट्रेलर से भिड़ने में तीन की मौत और इसके अगले दिन ट्रेलर से ऑटो की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत के बाद महसूस किया गय है कि बालकोनगर क्षेत्र की सड़कों के मामले में कुछ करना होगा। प्रशासन ने इस इरादे से एक हिस्से की सड़क चौड़ा करना तय किया है। कलेक्टर अजीत वसंत ने परसाभाठा बालको से बजरंग चौक तक सड़क चौड़ीकरण सर्वे किए जाने एवं प्राक्कलन तैयार किए जाने हेतु दल का गठन किया है। कलेक्टर द्वारा गठित दल में अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) कोरबा, अपर आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा, जिला परिवहन अधिकारी, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन अभियंता छग रा वि वितरण कम्पनी कोरबा, अनुविभागीय अधिकारी (विद्युत/यांत्रिकी) शामिल है। प्रशासन की ओर से सर्वे टीम गठित होने की जानकारी सार्वजनिक की गई है लेकिन इसमें स्पष्ट नहीं किया गया है कि परसाभाठा क्षेत्र की चौड़ी होने वाली सड़क का निर्माण कौन कराएगा। याद रहे कोयला सहित अन्य भारी वाहनों का संचालन ध्यानचंद चौराहा, बालकोनगर रिंग रोड होते हुए आवाजाही करते हैं। शहर पर आवागमन का दबाव कम करने के लिए लिए यह विकल्प दिया गया है। ऐसे में अलग-अलग कारण से कई बार हादसे भी हो जाते हैं और इसे लेकर लोगों की नाराजगी प्रदर्शन के रूप में सामने आती है।

## निर्वाचन कार्यालय में लगाई गई चाक-चौबंद ड्यूटी

**कोरबा।** जिले में लोकसभा के लिए प्रत्याशियों के नामांकन का सिलसिला शुरू हो गया है। इसके लिए चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था कलेक्टर अजीत वसंत एवं जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के नेतृत्व में की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार अभी तक नामांकन दाखिले की प्रक्रिया में जो सुस्ती देखी जा रही थी वो कल से चुनावी सरगर्मी के साथ शुरू हो जाएगी। इसके लिए नामांकन दाखिले के लिए काउंटर भी बनाए गए हैं। यहां पर भारी संख्या में पुलिस के अधिकारियों को तैनात किया गया है। जिले के एसपी के नेतृत्व में कोरबा एएसपी यूपीएस चौहान, कटघोरा एएसपी श्रीमती नेहा वर्मा, कोरबा सीएसपी भूषण एक्का, दर्री सीएसपी तथा कटघोरा एसडीओपी पंकज ठाकुर के साथ ही जिले के समस्त थाना एवं चौकियों के प्रभारी अपने-अपने मातहतों के साथ लगाए गए ड्यूटी स्थलों पर कल से लग जाएंगे। जानकारी के अनुसार कल कांग्रेस प्रत्याशी का तथा अगले दिन भाजपा के प्रत्याशी का नामांकन दाखिले किये जाने की चर्चा जोर-शोर के साथ शुरू हो चुकी है। जिसके लिए प्रचार-प्रसार अभियान भी जोर पकड़ने लगा है।

## युवक के हत्या की गुत्थी सुलझी, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** जिले के पाली थाना अंतर्गत तेंदूभाठा गाजर नाला के पास मिले युवक के अधजले लाश की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। युवक की हत्या उसके दोस्त ने ही की थी। उसे शक था कि उनकी पत्नी के साथ मृतक का अवैध संबंध था। इस मामले में रायपुर कबीर नगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपने दोस्तो के साथ मिलकार हत्या की थी। और लाश को पाली क्षेत्र में लाकर पेट्रोल से जला दिया।

## मंदिर में मत्था टेकेगी ज्योत्सना

**कोरबा।** सांसद ज्योत्सना महंत का बांकीमोंगरा आगमन हो रहा है। वे सिद्धिदात्री मंदिर व चण्डी मंदिर जाकर मत्था टेकेगी। उनके साथ कांग्रेस नेता प्रदीप अग्रवाल, टीकाराम मनहर, संजय आजाद, नवल किशोर पंडित , राजेश मानिकपुर, शैलेन्द्र मिश्रा, परामांनद सिंह, अजय प्रसाद , फिरोज अनंत भी रहेंगे।

# आसानी से बन रहे राशन कार्ड, रहें दलालों से दूर



**कोरबा।** खाद्य सुरक्षा अधिकार के अंतर्गत लोगों को खाद्यान्न की सुविधा सरकार की ओर से दी जा रही है। इसमें एपीएल और बीपीएल दोनों ही श्रेणी के लोगों को शामिल किया गया है। निर्धारित प्रक्रियाओं के साथ राशन कार्ड आसानी बन रहे हैं। कहा गया है कि लोग नए राशन कार्ड बनाने से लेकर उनमें आवश्यक संशोधन के लिए प्रक्रियाओं का पालन करें और दलालों से दूर रहें।

कोरबा जिले में राशन कार्ड बनाने का काम पारदर्शिता से हो रहा है। शहरी क्षेत्र में नगरीय निकाय और ग्रामीण क्षेत्र में पंचायतों को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। वर्तमान में जीवित राशन कार्डों के अलावा उन मामलों में जिनमें किसी कारण से लोग अब तक सुविधा से वंचित हैं, उन्हें लाभान्वित करने के लिए विकल्प खुले हुए हैं। बताया गया कि निकाय क्षेत्र में उपभोक्ताओं को निर्धारित प्रपत्र के साथ आवेदन करना है। पंचायत के लिए भी यही प्रक्रिया है, केवल प्लेटफार्म अलग है। नियमों की जानकारी संबंधित स्तर से लोगों को उपलब्ध करायी जा रही है। सभी बिंदुओं पर काम होने और सत्यापन के बाद संबंधित अभ्यर्थी को राशन कार्ड जारी किये जा रहे हैं। इस मामले में और किसी प्रकार की उलझन नहीं है। सूचनाएं मिली है कि विभिन्न क्षेत्रों में राशन कार्ड बनवाने के नाम पर कई बिचौलिए सक्रिय हैं जो लोगों की जानकारी की कमी होने अथवा दूसरे कारण से उन्हें झांसा देने के साथ मोटी चपत लगा रहे हैं। लगातार इस प्रकार के मामले सामने आ रहे हैं। सरकारी तंत्र ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने पारदर्शी व्यवस्था बनाकर रखी हुई है और इसके अंतर्गत दलालों की कोई भूमिका नहीं है उनसे बचकर रहें।

### आवेदन के आधार पर कार्यवाही

शहरी क्षेत्र में नगरीय निकाय और ग्रामीण क्षेत्र के मामलों में जनपद पंचायत से हमारे पास राशन कार्ड के लिए आवेदन प्राप्त होते हैं और उक्तानुसार इन्हें जारी किया जाता है। वितरण की व्यवस्था भी संबंधित निकाय व जनपद की है। खाद्य विभाग की भूमिका पूरे मामले में सीमित है।

**-ए.के.चतुर्वेदी, खाद्य अधिकारी कोरबा**

## हजारों के जेवरात वापस मिलने से खुश हुई महिला

**कोरबा।** ऑटो सवार एक महिला का जेवरात से भरा थैला आखिरकार वापस मिल गया। भैसमा से बुधवारी लौटने के दौरान थैला ऑटो में छूट गया था।

जिला ऑटो संघ ने चांदी के जेवरातों से भरा थैला उसके वास्तविक हकदार को वापस लौटा दिया। भैषमा से बुधवारी वापसी के दौरान महिला गायत्री बरेठ का थैला ऑटो में ही छूट गया था,जिसमें महिला ने अपनी पुत्री के विवाह के लिए गहने बनवाए थे। थैला गुमने के बाद महिला काफी परेशान हो गई थी। अपने स्तर पर काफी खोजबीन करने के बाद जब उसे सफलता नहीं मिली तब वह सीधे ऑटो संघ के कार्यालय पहुंची जहां संघ ने महिला को उसका गहनों से भरा थैला लौटा दिया।

## पदयात्रा कर देवी को चढ़ाई जाएगी 151 मीटर लंबी चुनरी

**कोरबा।** चैत्र नवरात्र पर बाल ठाकरे शिवसेना संगठन के द्वारा पदयात्रा कर सर्वमंगला मंदिर में देवी को 151 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की जाएगी। चुनरी यात्रा में सैकड़ों महिलाएं और युवतियां शामिल होंगीं।

रवि मेजरवार जिलाध्यक्ष ने बताया कि 13वें वर्ष में नवरात्र पर यह आयोजन कोरबा में किया जा रहा है। नवरात्र सप्तमी को आज दोपहर 2.30 बजे ध्यानचंद चौराहा रूमगरा शिवनगर से जयकारों और ढोल नगाड़े के साथ यात्रा की शुरुआत होगी। भगवा ध्वज के साथ संगठन के कार्यकर्ता भी यात्रा में शामिल होकर व्यवस्था बनाएंगे। पुलिस को भी आयोजन की जानकारी दी गई है। 2011 में इस यात्रा को शुरू किया गया था। तब की तुलना में अब लोगों की भागीदारी में विस्तार हुआ है। मेजरवार के अनुसार लोगों को जोड़ने और भक्ति भावना की बढ़ोत्तरी संगठन के इस आयोजन का उद्देश्य है। और भी क्षेत्रों में इस प्रकार के कार्यक्रम करने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया गया है। संगठन की ओर से पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी आगामी दिनों में काम करने की योजना बनाई गई है।

# बालको की प्रतिबद्धता से 3.3 लाख लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ



**बालकोनगर।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर वित्त वर्ष 2024 में अपने सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजनाओं और अस्पताल के माध्यम से लगभग 3.3 लाख लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। कंपनी उच्च गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से समुदाय की सेवा कर रहा है। निवारक स्वास्थ्य देखभाल को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए समुदाय को उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया है। इस वर्ष की थीम मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार को सार्थक करते हुए कंपनी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कंपनी ने 34 बुजुर्गों एवं विशेष रूप से सक्षम लोगों को सहायक उपकरण (वॉकिंग स्टिक, ट्राइपॉड, बैसाखी, वॉकर और व्हीलचेयर) वितरित करके समावेशी, सहायक और न्यायसंगत समुदाय बनाने की दिशा में एक सहायक उपकरण वितरण अभियान शुरू किया।

बालको ने भदरापारा एवं बेलाकछार में दो दिवसीय मल्टी स्पेशलिटी मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया। कंपनी के द्वारा समुदाय तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किए गए मेगा शिविर में विभिन्न रोगों का उपचार एवं निशुल्क दवा दी गई। विशेषज्ञ सेवाओं में दंत चिकित्सक, त्वचा विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट और सामान्य चिकित्सक के साथ मधुमेह, रक्तचाप के लिए नैदानिक परीक्षण आयोजित किए गए। समुदाय के लोगों को नि:शुल्क चिकित्सा उपचार के माध्यम से प्राथमिक और विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं। शिविर से लगभग 479 नागरिक लाभान्वित हुए।

कंपनी के स्वास्थ्य एवं कल्याण प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए मोबाइल हेल्थ वैन (एमएचवी) 'उपचार आपके द्वार' थीम पर समुदाय को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। परामर्श सेवाओं के माध्यम से वैन 47 से अधिक समुदाय को स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहा है। जरूरतमंदों को सामान्य बीमारियों के लिए नि:शुल्क दवा एवं परामर्श और चिकित्सा सुविधाओं के साथ मुधमेह, उच्च रक्तचाप सहित अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की सुविधा इकाई में मौजूद है। इस साल मोबाइल हेल्थ वैन से 15599 लोगों को लाभ मिला।

बालको की आरोग्य परियोजना स्वास्थ्य देखभाल और समुदाय की सेवा करने पर केंद्रित है। कंपनी समुदाय के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से ग्रामीण स्वास्थ्य पोस्टों के माध्यम से निवारक और उपचारात्मक दोनों उपायों को शामिल कर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करती है। यह परियोजना कुपोषण और एनीमिया से निपटने पर विशेष ध्यान देने के साथ मातृ एवं शिशु देखभाल, एचआईवी, टीबी और नशा की लत से मुक्ति पर जागरूकता अभियान भी चलाती है। वित्तीय वर्ष 2024 में आरोग्य परियोजना से लगभग 49963 लोग लाभान्वित हुए हैं। कंपनी की नई किरण परियोजना माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन एवं स्वच्छता के बारे में जागरूकता पैदा करती है। स्वच्छता उत्पादों के निर्माण को बढ़ावा देने के साथ ही माहवारी स्वास्थ्य के स्थानीय चैंपियन विकसित किये हैं। अब तक इस परियोजना ने 57386 से अधिक समुदाय के सदस्यों को माहवारी के प्रति संवेदनशील बनाया है।

कंपनी अपने नंद घर के माध्यम से महिला एवं बाल विकास के अत्याधुनिक केंद्र के रूप में कार्य करती हैं। छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और नई माताओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल और उचित पोषण प्रदान करता है। बालको अस्पताल 120 बिस्तर और विशेषज्ञों की एक कुशल चिकित्सा टीम प्रदान करता है। इसमें समुदाय की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मॉड्यूलर ओटी, अत्याधुनिक सीटी स्कैन एवं एक्स-रे कक्ष और आपातकालीन और महत्वपूर्ण चिकित्सका देखभाल इकाई सहित अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। आईएसओ 9001-2015 प्रमाणित सुविधा के रूप में अस्पताल बेहतर चिकित्सक गुणवत्ता प्रबंधन मुहैया करता है। वित्तीय वर्ष 2024 में अस्पताल ने 183985 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं दीं।

बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) 170 बिस्तर से युक्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल नया रायपुर में स्थित है। यह वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन (वीएमआरएफ) की प्रमुख पहल है, जो वेदांता रिसोर्सेज और भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) का एक गैर-लाभकारी संगठन है। बीएमसी भारत के कैंसर क्षेत्र में एक राष्ट्रीय पहचान के रूप में उभरा है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com